पीआरजीआई से प्रदत्त पंजीयन संख्या-UAHIN/25/A3123

www.parvatprerna.com

सांध्य दैनिक

# पर्वत प्रेरणा

निष्पक्ष एवं निर्भीकता के साथ सम्पूर्ण राज्य का एक संस्करण

वर्ष : 3 | अंक : 38 | हल्द्वानी | सोमवार, 14 सितम्बर 2026 | मूल्य 1.00 रुपये | पृष्ठः 8

# तहलका के पूर्व संपादक तरुण तेजपाल ने किया सरेंडर

## सुप्रीम कोर्ट में सजा के खिलाफ अपील पर होगी सुनवाई

**गोवा।** दुष्कर्म मामले में दोषी ठहराए गए और तहलका पत्रिका के पूर्व संपादक तरुण तेजपाल ने मापुसा कोर्ट के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें तीन सप्ताह के भीतर आत्मसमर्पण करने और इसकी प्रमाणित पावती (सरेंडर सर्टिफिकेट) अदालत में पेश करने का निर्देश दिया था। इसी आदेश के अनुपालन में तेजपाल ने मापुसा कोर्ट में सरेंडर किया।

सुप्रीम कोर्ट ने बॉम्बे हाईकोर्ट के उस फैसले को चुनौती देने वाली तरुण तेजपाल की अपील पर सुनवाई का रास्ता भी साफ किया है, जिसमें हाईकोर्ट ने उन्हें दुष्कर्म के मामले में दोषी करार देते हुए



10 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई थी। सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने संकेत दिया है कि यदि तेजपाल निर्धारित समयसीमा के भीतर आत्मसमर्पण का प्रमाणपत्र पेश कर देते हैं, तो उनकी अपील को 22 सितंबर को सूचीबद्ध किया जा सकता है।

सुप्रीम कोर्ट ने तेजपाल को तीन सप्ताह के भीतर संबंधित अदालत के समक्ष आत्मसमर्पण करने का आदेश दिया था। साथ ही उन्हें आत्मसमर्पण का प्रमाणपत्र अदालत में दाखिल करना था। यह प्रमाणपत्र उनकी ओर से दायर अपील को आगे सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किए जाने की प्रक्रिया में महत्वपूर्ण माना गया है।

न्यायमूर्ति अलोक अराधे की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि यदि तेजपाल समय पर आत्मसमर्पण का प्रमाणपत्र प्रस्तुत कर देते हैं, तो उनकी अपील को 22 सितंबर को सूचीबद्ध करने पर विचार किया जा सकता है। तेजपाल की अपील में बॉम्बे हाईकोर्ट के उस फैसले को चुनौती दी गई है, जिसके तहत उन्हें बलात्कार के मामले में दोषी ठहराया गया था।

## देहरादून के सरकारी अस्पताल में युवकों ने की तोड़फोड़

**देहरादून।** राजधानी के एक सरकारी अस्पताल में युवकों ने जमकर हंगामा करते हुए तोड़फोड़ कर दी। युवकों ने अस्पताल में रखी व्हीलचेयर फेंक दी और अलमारी समेत अन्य सामान को नुकसान पहुंचाया। अचानक हुए हंगामे से अस्पताल में अफरा-तफरी मच गई। डॉक्टरों और कर्मचारियों ने किसी तरह वहां से भागकर अपनी जान बचाई।

घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें युवक अस्पताल परिसर में तोड़फोड़ करते नजर आ रहे हैं। घटना के बाद अस्पताल प्रबंधन ने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जानकारी जुटाई और सीसीटीवी फुटेज व वीडियो के आधार पर आरोपियों की पहचान के प्रयास शुरू कर दिए हैं। अस्पताल में तोड़फोड़ और डॉक्टरों-कर्मचारियों की सुरक्षा को लेकर घटना के बाद सवाल उठने लगे हैं।

# 15 सीटों पर एससी प्रत्याशी उतारने की रणनीति बना रही भाजपा

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड में अगले विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने अनुसूचित जाति वर्ग के बीच अपनी पकड़ और मजबूत करने की रणनीति पर मंथन शुरू कर दिया है। पार्टी के भीतर इस बात पर विचार चल रहा है कि प्रदेश की 13 आरक्षित विधानसभा सीटों के अलावा सामान्य वर्ग की दो सीटों पर भी अनुसूचित जाति के प्रत्याशियों को मैदान में उतारा जाए। इस तरह पार्टी कुल 15 सीटों पर एससी प्रत्याशियों को टिकट देने की रणनीति अपना सकती है।

प्रदेश में चल रहे शुद्धिकरण विवाद को भी भाजपा संगठन गंभीरता से ले रहा है। हल्द्वानी के शुद्धिकरण मामले पर पार्टी की कोर कमेटी की बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन की चर्चा के बाद संगठन के स्तर पर इस मुद्दे को लेकर मंथन तेज हुआ है। पार्टी का प्रयास है कि आरक्षित सीटों पर अपने प्रदर्शन को और बेहतर किया जाए तथा अनुसूचित जाति समाज के बीच राजनीतिक आधार मजबूत किया जाए।

2022 के विधानसभा चुनाव में प्रदेश की 13 आरक्षित सीटों में भाजपा ने नौ सीटों पर जीत दर्ज की थी, जबकि कांग्रेस के खाते में चार सीटें गई थीं। भाजपा के भीतर अब इन सीटों पर जीत का आंकड़ा बढ़ाने के साथ ही सामान्य सीटों पर भी एससी समाज को प्रतिनिधित्व देने की संभावना पर विचार किया जा रहा है। हालांकि, सामान्य वर्ग की किन दो सीटों पर एससी प्रत्याशियों को उतारा जाएगा, इसे लेकर अभी अंतिम निर्णय नहीं हुआ है।

2022 में आरक्षित सीटों का परिणाम इस प्रकार रहा- विधानसभा सीट से पुरोला-भाजपा, थराली-भाजपा, घनसाली-भाजपा, राजपुर रोड-भाजपा, पौड़ी-भाजपा , गंगोलीहाट-भाजपा, बागेश्वर-भाजपा, सोमेश्वर-भाजपा, नैनीताल-भाजपा, बाजपुर-कांग्रेस, भगवानपुर-कांग्रेस, झबरेड़ा-कांग्रेस, ज्वालापुर-कांग्रेस रहे। इस रणनीति के पीछे भाजपा की कोशिश आरक्षित सीटों पर संगठनात्मक पकड़ मजबूत करने के साथ-साथ सामान्य सीटों पर भी अनुसूचित जाति के मतदाताओं को राजनीतिक संदेश देने की बताई जा रही है। पार्टी के भीतर चल रहे मंथन का अंतिम स्वरूप चुनाव से पहले प्रत्याशी चयन के दौरान ही सामने आएगा।

## चकलुवा में भीषण सड़क हादसा, बाइक सवार की मौत, साथी गंभीर




**कालाढूंगी।** चकलुवा के चौधरी गेट के पास सोमवार को हुए भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही कालाढूंगी पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालाढूंगी पहुंचाया। मृतक की पहचान धरमपाल (45) पुत्र जगदीश, निवासी भाखड़ा पुल के पास लामाचौड़ के रूप में हुई है। वहीं घायल अमर सिंह (40) पुत्र धर्मवीर, निवासी लामाचौड़ को प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में चिकित्सकों ने हल्द्वानी रेफर कर दिया। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर हादसे की जानकारी जुटानी शुरू कर दी है। दुर्घटना किस वाहन से हुई और इसके कारण क्या रहे, इसकी जांच की जा रही है।

# मीडिया भवन का नाम स्व. गिरिजा शंकर जोशी के नाम पर रखने का प्रस्ताव

## सीएम ने श्रद्धांजलि के बीच अपनी तरफ से व्यक्त की संवेदना, प्रस्ताव पर दिया भरोसा

पर्वत प्रेरणा संवाददाता

**हल्द्वानी।** मीडिया सेंटर हल्द्वानी एवं जिला सूचना कार्यालय, नैनीताल में आज दिवंगत जिला सूचना अधिकारी स्वर्गीय गिरिजा शंकर जोशी की स्मृति में शोक सभा आयोजित की गई।

इस दौरान उपस्थित अधिकारियों, पत्रकारों एवं गणमान्य नागरिकों ने स्वर्गीय जोशी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी और उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

शोक सभा में मीडिया सलाहकार समिति के उपाध्यक्ष ध्रुव रौतेला, जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टीसी, एडीएम विवेक राय, एसडीएम रेखा कोहली, मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार कमलेश भट्ट सहित सूचना विभाग के अधिकारी-कर्मचारी,



जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए दर्जनों पत्रकार एवं शहर के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर पत्रकारों ने स्वर्गीय गिरिजा शंकर जोशी के पत्रकारिता एवं सूचना विभाग से जुड़े योगदान को याद करते हुए कहा कि उनका व्यवहार, कार्यशैली और पत्रकारों के साथ आत्मीय संबंध लंबे समय तक स्मरणीय रहेंगे। वक्ताओं ने कहा कि स्वर्गीय जोशी ने अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा और संवेदनशीलता के साथ किया।

शोक सभा के दौरान उपस्थित पत्रकारों ने सर्वसम्मति से हल्द्वानी के ब्लाक परिसर में निर्माणाधीन मीडिया भवन का नाम स्वर्गीय गिरिजा शंकर जोशी के नाम पर रखने का प्रस्ताव रखा। पत्रकारों का कहना था कि यह उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी और आने वाली पीढ़ियां भी उनके योगदान को याद रख सकेंगी।

इस संबंध में एक ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को प्रेषित किया गया। वहीं दूसरा ज्ञापन मीडिया सलाहकार समिति के उपाध्यक्ष ध्रुव रौतेला के माध्यम से भेजा गया। श्रद्धांजलि सभा के दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दूरभाष पर अपनी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने स्वर्गीय गिरिजा शंकर जोशी के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए पत्रकारों की भावनाओं का सम्मान किया और आश्वासन दिया कि मीडिया भवन का नाम स्वर्गीय जोशी के नाम पर रखने के पत्रकारों के प्रस्ताव पर पूर्ण रूप से विचार किया जाएगा। शोक सभा में उपस्थित सभी लोगों ने स्वर्गीय गिरिजा शंकर जोशी के निधन को सूचना एवं पत्रकारिता जगत के लिए अपूरणीय क्षति बताते हुए उनके योगदान को सदैव याद रखने का संकल्प लिया।

## एक नजर

### मनरेगा के काम पर जा रहे ग्रामीण पर भालू का हमला, गंभीर घायल

**टिहरी, पर्वत प्रेरणा संवाददाता।** चंबा ब्लॉक के ग्रामसभा सिलोगी के



धारकोट गांव में सोमवार सुबह मनरेगा के काम पर जा रहे ग्रामीण पर भालू ने अचानक हमला कर दिया। हमले में वीरेंद्र तिवारी गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों ने उन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल नई टिहरी पहुंचाया, जहां उनका उपचार चल रहा है। जानकारी के अनुसार, वीरेंद्र तिवारी सुबह करीब 7.30 बजे घर से मनरेगा कार्य के लिए सिलोगी की ओर जा रहे थे। घर से कुछ ही दूरी पर पहुंचते ही अचानक भालू ने उन पर हमला कर दिया। हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और घायल को तत्काल जिला अस्पताल नई टिहरी पहुंचाया। घटना के बाद से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने वन विभाग से क्षेत्र में गश्त बढ़ाने और भालू के आतंक से निजात दिलाने की मांग की है।

### श्रीनगर के आशु तोमर ने 265 किलो की डेडलिफ्ट लगाकर जीता स्वर्ण पदक



**श्रीनगर।** दिल्ली के पीतमपुरा स्थित दिल्ली हाट में 8 से 11 सितंबर तक आयोजित नेशनल पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता में श्रीनगर निवासी आशु तोमर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। प्रतियोगिता में आशु तोमर ने 265 किलोग्राम की डेडलिफ्ट लगाकर अपनी ताकत और प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। उनकी इस उपलब्धि से श्रीनगर समेत पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। स्थानीय लोगों ने आशु को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### पुलिस विभाग में बड़े फेरबदल की तैयारी

**देहरादून।** शासन ने पुलिस विभाग में बड़े फेरबदल की तैयारी पूरी कर ली है। इस सप्ताह कई जिलों के पुलिस कप्तान और एएसपी स्तर के अधिकारियों के तबादले की सूची जारी होने की संभावना है। प्रस्तावित सूची में मैदानी और पर्वतीय दोनों जिलों के अधिकारी शामिल हैं। दोनों परिक्षेत्रों में कुछ आला अधिकारियों को भी नई जिम्मेदारियां दी जा सकती हैं। आगामी विधानसभा चुनावों की व्यवस्था को देखते हुए इस बार तबादला सूची में कुछ नाम खासे महत्वपूर्ण माने जा रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक शासन स्तर पर तबादलों को लेकर मंथन पूरा हो चुका है। पुलिस मुख्यालय से मिले प्रस्तावों पर विचार के बाद पहली सूची भी तैयार कर ली गई है।

# सम्पादकीय

## हिंदी सम्मान से आगे, स्वाभिमान की भाषा

14 सितंबर हिंदी दिवस केवल कैलेंडर की एक तारीख नहीं, बल्कि उस भाषा के प्रति अपने दायित्व को याद करने का अवसर है, जिसने भारत की विविधताओं को संवाद की एक साझा डोर में पिरोने का काम किया है। हिंदी करोड़ों लोगों की अभिव्यक्ति का माध्यम है। यह बाजार की भाषा है, साहित्य की भाषा है, जनसंवाद की भाषा है और बदलते डिजिटल दौर में तकनीक की दुनिया में भी अपनी जगह लगातार मजबूत कर रही है। विडंबना यह है कि हिंदी दिवस आते ही हम हिंदी के महत्व पर लंबे-लंबे भाषण देने लगते हैं, लेकिन वर्ष के बाकी दिनों में व्यवहार में हिंदी को उसका उचित स्थान देने से कतराते हैं। हिंदी को लेकर यह मानसिकता बदलने की जरूरत है। हिंदी का सम्मान केवल हिंदी दिवस पर कार्यक्रम आयोजित करने, प्रतियोगिताएं कराने और पुरस्कार देने से नहीं होगा। इसके लिए जरूरी है कि हिंदी को ज्ञान, विज्ञान, रोजगार, प्रशासन और आधुनिक तकनीक की भाषा बनाने के गंभीर प्रयास किए जाएं। आज दुनिया तेजी से बदल रही है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डिजिटल मीडिया, इंटरनेट और वैश्विक अर्थव्यवस्था के दौर में भाषा की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो गई है। यदि हिंदी को नई पीढ़ी से जोड़ना है तो उसे केवल भावनाओं की भाषा बनाकर नहीं रखा जा सकता। उच्च शिक्षा, शोध, तकनीकी शिक्षा और रोजगार के अवसरों में हिंदी के लिए अधिक मजबूत और व्यावहारिक रास्ते बनाने होंगे। साथ ही, हिंदी को आगे बढ़ाने का अर्थ दूसरी भारतीय भाषाओं को पीछे करना कतई नहीं है। भारत की असली शक्ति उसकी भाषाई विविधता में है। हिंदी तभी समृद्ध होगी जब वह अन्य भारतीय भाषाओं के साथ संवाद और सहयोग का सेतु बनेगी, प्रभुत्व का माध्यम नहीं। हिंदी का विस्तार जितना जरूरी है, उतना ही जरूरी है कि हम मराठी, बंगाली, तमिल, तेलुगु, कन्नड़, मलयालम, पंजाबी, असमिया, उर्दू, संस्कृत और देश की तमाम भाषाओं के प्रति समान सम्मान बनाए रखें। हिंदी की सबसे बड़ी ताकत उसकी सहजता और आत्मसात करने की क्षमता है। उसने समय के साथ अनेक भाषाओं और बोलियों से शब्द ग्रहण किए और स्वयं को निरंतर समृद्ध किया। इसलिए हिंदी को शुद्धतावाद की संकीर्ण सीमाओं में बांधने के बजाय उसे जीवंत, आधुनिक और जनसरोकारों से जुड़ी भाषा बनने देना चाहिए। आज आवश्यकता हिंदी को लेकर हीनभावना छोड़ने की है। अंग्रेजी सीखना प्रगति की राह में उपयोगी हो सकता है, लेकिन अंग्रेजी जानना और हिंदी से दूरी बनाना एक ही बात नहीं है। दुनिया की कई विकसित सभ्यताएं अपनी मातृभाषाओं में ज्ञान-विज्ञान और तकनीक को आगे बढ़ाते हुए वैश्विक भाषाओं से संवाद करती हैं। भारत भी ऐसा कर सकता है। हिंदी दिवस का वास्तविक संदेश यही होना चाहिए कि हिंदी को केवल राजभाषा या मातृभाषा के भावनात्मक गौरव तक सीमित न रखा जाए, बल्कि उसे ज्ञान, नवाचार, रोजगार और आधुनिक भारत के निर्माण की प्रभावी भाषा बनाया जाए। जब हिंदी हमारे विचारों के साथ-साथ हमारे शोध, तकनीक और भविष्य की आकांक्षाओं को भी व्यक्त करने लगेगी, तभी हिंदी दिवस मनाने का उद्देश्य सार्थक होगा। हिंदी को किसी से लड़ना नहीं है; उसे स्वयं को सक्षम बनाना है। आवश्यकता दिवस मनाने की नहीं, हिंदी को जीवन और व्यवहार में सम्मान देने की है। हिंदी का भविष्य केवल हिंदी बोलने वालों के हाथ में नहीं, बल्कि उन सभी के हाथ में है जो भारत की भाषाई विविधता और सांस्कृतिक आत्मविश्वास में विश्वास रखते हैं।

# सीएम धामी से वार्ता के बाद फुटेला और सहगल ने छोड़ा चुनावी मैदान

### किच्छा में डटे रहे भाजपा जिलाध्यक्ष और रुद्रपुर महापौर, पूर्व विधायक ने भी निभाई अहम भूमिका

पर्वत प्रेरणा संवाददाता



**किच्छा।** नगर पालिका अध्यक्ष पद के चुनाव में बगावत से जूझ रही भाजपा को नाम वापसी के अंतिम दिन बड़ी राहत मिली। भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी संदीप अरोड़ा के खिलाफ निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैदान में उतरे शैली फुटेला और लवी सहगल ने आखिरकार अपना नामांकन वापस लेते हुए संदीप अरोड़ा को समर्थन देने का ऐलान कर दिया। दोनों बागी प्रत्याशियों को मनाने में भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, रुद्रपुर महापौर विकास शर्मा और किच्छा के पूर्व विधायक राजेश शुक्ला की अहम भूमिका रही। इसके साथ ही भाजपा ने मतदान से पहले अपने घर की नाराजगी दूर कर चुनावी मैदान में एकजुटता का संदेश देने का प्रयास किया है।नामांकन वापसी का अंतिम दिन होने के कारण रविवार को किच्छा में सुबह से ही सियासी सरगर्मियां तेज रहीं।

दोपहर तीन बजे तक नाम वापसी का समय निर्धारित होने के चलते भाजपा नेतृत्व की निगाहें दोनों बागी प्रत्याशियों के फैसले पर टिकी थीं। भाजपा की ओर से संदीप अरोड़ा को पालिकाध्यक्ष पद का अधिकृत प्रत्याशी बनाए जाने के बाद शैली फुटेला और लवी सहगल ने निर्दलीय नामांकन दाखिल कर पार्टी की चिंता बढ़ा दी थी। दोनों के चुनाव मैदान में बने रहने से भाजपा के वोटों में सेंध लगने की आशंका जताई जा रही थी। पार्टी नेतृत्व ने इस नाराजगी को दूर करने के लिए अंतिम समय तक प्रयास जारी रखे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर जिलाध्यक्ष कमल जिंदल और रुद्रपुर महापौर विकास शर्मा सुबह से ही किच्छा में डटे रहे। पूर्व विधायक राजेश शुक्ला भी दोनों नाराज नेताओं को मनाने की कवायद में जुटे रहे। कई दौर की बातचीत के दौरान संगठन और पार्टी हित को सर्वोपरि रखते हुए चुनाव मैदान से हटने का आग्रह किया गया। महापौर विकास शर्मा ने दोनों नेताओं की मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से भी दूरभाष पर वार्ता कराई गई। मान-मनौव्वल और बातचीत के बाद आखिरकार शैली फुटेला और लवी सहगल ने भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी संदीप अरोड़ा के समर्थन में अपना नामांकन वापस लेने पर सहमति जता दी। दोनों ने चुनाव में भाजपा प्रत्याशी का साथ देने और उन्हें विजयी बनाने के लिए काम करने का ऐलान भी किया। इसके बाद भाजपा खेमे में खुशी की लहर दौड़ गई। चुनावी सरगर्मियों के बीच महापौर विकास शर्मा ने भाजपा पालिकाध्यक्ष प्रत्याशी संदीप अरोड़ा के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन भी किया। इस दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं से चुनाव अभियान में पूरी ताकत से जुटने का आह्वान किया गया। महापौर विकास शर्मा ने कहा कि किच्छा नगर पालिका में भाजपा प्रचंड बहुमत के साथ जीत दर्ज करेगी। पालिकाध्यक्ष पद के साथ ही वार्डों में भी भाजपा प्रत्याशियों को जनता का व्यापक समर्थन मिलेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा विकास और जनसेवा के मुद्दे को लेकर जनता के बीच जा रही है। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि नकारात्मक राजनीति और भ्रम फैलाने की कोशिशों को जनता स्वीकार नहीं करेगी और चुनाव में इसका जवाब देगी।

# महापौर की पहल पर कन्या के विवाह के लिए मिली 50 हजार की आर्थिक सहायता

पर्वत प्रेरणा संवाददाता




**रूद्रपुर।** आर्थिक रूप से कमजोर परिवार की बेटी के विवाह में सहयोग के लिए महापौर विकास शर्मा की पहल रंग लाई है। महापौर की संस्तुति पर मुख्यमंत्री राहत कोष से ट्रांजिट कैंप निवासी एक जरूरतमंद परिवार को 50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत हुई है।

महापौर ने अपने कार्यालय में लाभार्थी अनु गोस्वामी को सहायता राशि का चेक सौंपते हुए उनके सुखद वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं दीं।

ट्रांजिट कैंप निवासी रामू सिंह ने परिवार की कमजोर आर्थिक स्थिति का हवाला देते हुए अपनी पुत्री अनु गोस्वामी के विवाह के लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने का अनुरोध महापौर विकास शर्मा से किया था। परिवार की परिस्थितियों को देखते हुए महापौर ने मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रार्थना पत्र के साथ अपनी संस्तुति मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को भेजी और मुख्यमंत्री राहत कोष से आर्थिक सहायता प्रदान करने का अनुरोध किया।

महापौर की संस्तुति के बाद मुख्यमंत्री राहत कोष से अनु गोस्वामी के विवाह के लिए 50 हजार रुपये की सहायता राशि स्वीकृत की गई। स्वीकृति के बाद प्राप्त चेक को महापौर विकास शर्मा ने अपने कार्यालय में अनु गोस्वामी को सौंपा। आर्थिक सहायता मिलने पर परिवार ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और महापौर विकास शर्मा के प्रति आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर महापौर विकास शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार समाज के जरूरतमंद और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के साथ मजबूती से खड़ी है।

मुख्यमंत्री राहत कोष के माध्यम से गंभीर बीमारियों के उपचार, दुर्घटना पीड़ितों की सहायता, गरीब परिवारों की बेटियों के विवाह सहित विभिन्न जरूरतों के लिए पात्र लोगों को लगातार आर्थिक मदद उपलब्ध कराई जा रही है।

# नानकसागर डैम पार बिसोटा में नवीन पुलिस चौकी का शुभारंभ

### सीमावर्ती क्षेत्र में बढ़ेगी पुलिस की मौजूदगी, नशा तस्करी और अपराध पर निगरानी होगी मजबूत

पर्वत प्रेरणा संवाददाता



**नानकमत्ता।** अपराध और नशा तस्करी पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से नानकमत्ता कोतवाली क्षेत्र के सीमावर्ती एवं संवेदनशील गांव बिसोटा में नवीन पुलिस चौकी का निर्माण कराया गया है। रविवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ऊधमसिंहनगर अजय गणपति ने विधि-विधान एवं पूजा-अर्चना के साथ नवीन पुलिस चौकी का शुभारंभ किया।

पुलिस के अनुसार नानकसागर डैम पार स्थित बिसोटा क्षेत्र की सीमावर्ती स्थिति को देखते हुए यहां पुलिस की स्थायी मौजूदगी जरूरी थी। नई चौकी के संचालन से क्षेत्र में नियमित गश्त, संदिग्ध वाहनों व व्यक्तियों की चेकिंग तथा संदिग्ध गतिविधियों पर निगरानी को और प्रभावी बनाया जा सकेगा। इससे नशा तस्करी सहित अन्य आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने में मदद मिलने की उम्मीद है।पुलिस के मुताबिक वर्ष 2026 में नानकमत्ता क्षेत्र में अपराध और नशे के खिलाफ कई कार्रवाई की गई हैं। आबकारी अधिनियम के तहत 38 मामलों में 42 आरोपियों को गिरफ्तार कर 1,218 लीटर कच्ची शराब बरामद की गई। वहीं एनडीपीएस एक्ट के तहत 30 मुकदमों में 42 नशा तस्करों की गिरफ्तारी के साथ 592.62 ग्राम स्मैक बरामद की गई।

इसके अलावा शस्त्र अधिनियम के तहत 13 मुकदमे दर्ज कर 14 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया और उनके कब्जे से 13 अवैध तमंचे व पांच चाकू बरामद किए गए। पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ गुंडा अधिनियम के तहत कार्रवाई की तथा स्मैक तस्करी में संलिप्त तीन आरोपियों की हिस्ट्रीशीट खोली गई है।

एसएसपी अजय गणपति ने क्षेत्रवासियों से अपील की कि नशे के कारोबार, तस्करी अथवा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को दें। उन्होंने कहा कि अपराध और नशे के खिलाफ कार्रवाई में आमजन का सहयोग महत्वपूर्ण है।

# आदर्श कॉलोनी में श्री शिव जागरण आयोजित



**रुद्रपुर।** श्री शिव कांवर सेवा दल की ओर से नई घास मंडी आदर्श कॉलोनी में 16वां श्री शिव जागरण आयोजित किया गया। जिसका शुभारंभ समाजसेवी और वरिष्ठ भाजपा नेता भारत भूषण चुघ ने विधिवत रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। श्री शिव जागरण में भजन गायकों ने भगवान शिव की महिमा का बखान किया और विभिन्न भजन सुना कर श्रद्धालुओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। मुख्य अतिथि समाजसेवी भारत भूषण चुघ ने कहा कि भगवान शिव की महिमा अपरंपार है। उन्होंने कहा कि भगवान शिव की आराधना से ही मनुष्य के संकटों का नाश होता है क्योंकि वह संकटहरण है। इससे पूर्व श्री चुघ के जागरण स्थल पर पहुंचने पर आयोजन कर्ताओं ने उनका अभिनंदन किया। महंत अमित कक्कड़ ने विधि विधान से पूजा अर्चना की। इस मौके पर अध्यक्ष रोहित सागर, अमन ग्रोवर, विकास कुकरेजा, हीरामन, वजीर सिंह आदि मौजूद थे।

**सम्पादक: सुरेश पाठक**

सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक एवं स्वामी **सुरेश पाठक** द्वारा भीड़ापानी ओखलकांडा प्रिंटिंग प्रेस भोलानाथ गार्डन हल्द्वानी से मुद्रित तथा साईं कालोनी नियर साईं मन्दिर, बजूनिया हल्दू, पो. कठघरिया, हल्द्वानी नैनीताल, उत्तराखण्ड से प्रकाशित। न्यायालय क्षेत्राधिकार: हल्द्वानी, नैनीताल

मो. 9927213408, 8279487735

E-mail. editordaillyparvatprerna@gmail.com

## प्राइवेट स्कूल प्रबंधकों ने पदाधिकारियों का किया सम्मान



**पर्वत प्रेरणा संवाददाता**

**सितारगंज।** मानवता इंटर कॉलेज, सरकड़ा में मान्यता प्राप्त विद्यालय प्रबंधक संघ ब्लॉक सितारगंज की ओर से सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम संघ अध्यक्ष ध्रुव नारायण शर्मा के नेतृत्व में आयोजित हुआ। इस दौरान ब्लॉक क्षेत्र के प्राइवेट स्कूल प्रबंधकों ने विभिन्न पदों पर जिम्मेदारी संभालने वाले पदाधिकारियों का माला पहनाकर सम्मान किया। समारोह में जय जोशी, प्रदेश संयोजक, विश्व हिंदू परिषद महिला मोर्चा, जगदीश गुरुरानी, सदस्य, गौ सेवा आयोग, राम प्रसाद कश्यप, व्यापारिक सदस्य, उत्तराखंड राज्य मत्स्य सहकारी संघ लिमिटेड, उत्तराखंड सरकार तथा सर्वजीत सिंह माटा, सह संयोजक, शिक्षा प्रकोष्ठ भाजपा, ऊधम सिंह नगर को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधकों ने कहा कि संघ से जुड़े लोगों को विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर जिम्मेदारी मिलना क्षेत्र के लिए खुशी की बात है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की। कार्यक्रम के दौरान पदाधिकारियों को सम्मानित करने के साथ ही शिक्षा और सामाजिक क्षेत्र से जुड़े विभिन्न विषयों पर भी चर्चा की गई। विद्यालय प्रबंधकों ने संघ से जुड़े लोगों को जिम्मेदारी दिए जाने पर खुशी जताते हुए कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा का आभार व्यक्त किया। इस दौरान संघ से जुड़े प्रबंधक एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

## गौरीखेड़ा में 20 लाख की लागत से बनेगी मेन रोड

**पर्वत प्रेरणा संवाददाता**

**सितारगंज।** विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देते हुए क्षेत्रीय विधायक एवं कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने ग्राम सभा गौरीखेड़ा में 20 लाख रुपये की लागत से बनने वाली मुख्य सड़क का शिलान्यास किया। सड़क निर्माण शुरू होने से ग्रामीणों में भी उत्साह देखा गया। कार्यक्रम के दौरान ग्राम प्रधान ताहिर मलिक ने कहा कि चुनाव से पहले कैबिनेट मंत्री ने क्षेत्र में रुके हुए विकास कार्यों को पूरा कराने का भरोसा दिया था। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों के लिए पूरे गांव की ओर से मंत्री का आभार व्यक्त किया गया। कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कहा कि गौरीखेड़ा मेन रोड के निर्माण के लिए 20 लाख रुपये की लागत से कार्य शुरू कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गांव में अभी कुछ अन्य कार्य भी प्रस्तावित हैं, जिन्हें जल्द पूरा कराने का प्रयास किया जाएगा। नगर पालिका के विकास कार्यों का जिक्र करते हुए मंत्री ने कहा कि नगर पालिका अध्यक्ष के कार्यकाल को अभी एक वर्ष भी पूरा नहीं हुआ है और नालों के सुधार के लिए 155 करोड़ रुपये दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि यह राशि पिछले सभी कार्यकालों को मिलाकर भी नहीं दी गई थी। उन्होंने कहा कि सभी की जिम्मेदारी है कि स्वीकृत योजनाओं को जल्द धरातल पर उतारकर जनता को राहत पहुंचाई जाए। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान ताहिर मलिक, शमशुल हक मलिक मुखिया, खतीब अहमद, रियाजुल हक मलिक, आजम मलिक, साजेब मलिक, अयान मलिक, कासिम अंसारी, लाइक अंसारी समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद रहे।



## शक्तिगढ़ में लहराया 111 फीट ऊंचा तिरंगा, 4.5 करोड़ के 34 विकास कार्यो का शिलान्यास

**शक्तिफार्म।** नगर पंचायत शक्तिगढ़ क्षेत्र में देशभक्ति और विकास का संगम देखने को मिला। नगर पंचायत बोर्ड की ओर से सुभाष चौक पर स्थापित किए गए 111 फीट ऊंचे राष्ट्रीय ध्वज का कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने ध्वजारोहण कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर नगर पंचायत क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में करीब 4.5 करोड़ रुपये की लागत से होने वाले 34 विकास कार्यों का शिलान्यास भी किया गया। इसके अलावा गुरुग्राम, बसगर और अरविंद नगर क्षेत्र में 88.76 लाख रुपये की लागत से तीन प्रमुख आंतरिक सड़कों के निर्माण कार्यों का भी शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के लिए प्रस्तावित गौला नदी पर करीब 19 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले पुल का भी उल्लेख किया गया। पुल के निर्माण से क्षेत्र के लोगों को आवागमन में सुविधा मिलने की उम्मीद है। समारोह में पूर्व सैनिकों, पूर्व पुलिसकर्मियों, सेवानिवृत्त शिक्षकों और विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को स्मृति चिह्न एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में दर्जा राज्य मंत्री डॉ. संजय बाछाड़, नगर पंचायत अध्यक्ष सुमित मंडल, सांसद प्रतिनिधि कार्तिक राय, गोविंद पोखरिया, रमेश राय सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे।




## देव इंटरनेशनल स्कूल के वोविनाम कोच गुलशन सम्मानित

**पर्वत प्रेरणा संवाददाता**

**रूद्रपुर।** जम्मू के इंडोर स्पोर्ट्स स्टेडियम, भगवतीनगर में आयोजित 15वीं नेशनल वोविनाम चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करने पर देव इंटरनेशनल स्कूल के वोविनाम मार्शल आर्ट कोच गुलशन कुमार को सम्मानित किया गया।गुलशन कुमार ने टीम परफॉर्मेंस इवेंट में उत्तराखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए रजत पदक जीता। इस उपलब्धि पर विद्यालय की एम.डी. श्रीमती प्रीति चौहान एवं प्रधानाचार्या श्रीमती एकता गंगवार ने उन्हें पदक पहनाकर एवं माल्यार्पण कर सम्मानित किया और शुभकामनाएं दीं।इस अवसर पर एम.डी. श्रीमती प्रीति चौहान ने कहा कि कोच गुलशन कुमार ने अपने शानदार प्रदर्शन से विद्यालय के साथ-साथ जिले व राज्य का नाम रोशन किया है। गुलशन एक अनुशासित कोच एवं खिलाड़ी हैं, जो हमेशा अन्य खिलाड़ियों को प्रेरणा देते हैं।उल्लेखनीय है कि कोच गुलशन कुमार विगत लगभग 6 वर्षों से वरिष्ठ कोच ऋषि पाल भारती के नेतृत्व में मार्शल आर्ट्स का प्रशिक्षण ले रहे हैं और अब तक कई राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय पदक जीत चुके हैं।



# रानीबाग अतिक्रमण के खिलाफ राज्यव्यापी आंदोलन की चेतावनी

### चित्रेश्वर धाम से अतिक्र मण हटाने और मुकदमों की निष्पक्ष जांच की मांग



**हल्द्वानी।** रानीबाग स्थित चित्रेश्वर धाम में कथित अतिक्रमण के खिलाफ रविवार को नवाबी रोड स्थित बैंक्वेट हॉल में कत्युरी समाज की बैठक हुई। बैठक में सैकड़ों लोगों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान चित्रेश्वर धाम से अतिक्रमण हटाने, माता जिया रानी के भक्तों के खिलाफ दर्ज मुकदमों की निष्पक्ष जांच कराने और कथित अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर आंदोलन शुरू करने का निर्णय लिया गया।

बैठक में तय किया गया कि 18 से 26 सितंबर तक जनजागरूकता अभियान चलाया जाएगा। विभिन्न चौक-चौराहों और पहाड़ी क्षेत्रों में धार्मिक स्थलों की भूमि पर अतिक्रमण के मुद्दे को लेकर हस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा। इसके बाद 27 सितंबर को हल्द्वानी में बड़ी बैठक होगी, जिसमें पहाड़ी समाज के राजनीतिक, सामाजिक और व्यापारिक वर्ग के प्रमुख लोग शामिल होंगे। बैठक में आंदोलन की आगामी रणनीति तय की जाएगी।

वक्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने इस दौरान चित्रेश्वर धाम से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई नहीं की तो 5 अक्टूबर से हल्द्वानी के बुद्ध पार्क में अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आंदोलन को आगे चलकर राज्यव्यापी रूप दिया जाएगा।

बैठक को संबोधित करते हुए पहाड़ी आर्मी उत्तराखंड के अध्यक्ष हरीश रावत ने आरोप लगाया कि प्रशासन ने दबाव में आकर समाज के 49 लोगों के खिलाफ झूठे और फर्जी मुकदमे दर्ज किए हैं। उन्होंने कहा कि पहाड़ के प्रत्येक व्यक्ति को अपनी संस्कृति, पौराणिक धरोहर और सनातन परंपराओं की रक्षा के लिए लोकतांत्रिक तरीके से आगे आना होगा।

उन्होंने कहा कि रानीबाग चित्रेश्वर धाम केवल धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि पहाड़ की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और धार्मिक आस्था से जुड़ा महत्वपूर्ण स्थान है। बैठक में प्रदेशभर के धार्मिक स्थलों पर अतिक्रमण, चंदे एवं चढ़ावे तथा संबंधित व्यवस्थाओं का सरकार से पारदर्शी हिसाब मांगने और धार्मिक स्थलों की भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराने की मांग भी उठाई गई।

बैठक में प्रदीप रौतेला, राजेंद्र कांडपाल, मनोज कुमार पांडे, मनोहर सिंह रावत, ललित मनराल, लीला देवी, दीपिका मंगोली, सीता रावत, रमा पांडे, अंजू पांडे, प्रेमा मेर, हरेंद्र राणा, संतोष सिंह नेगी, आन सिंह रावत, भुवन चंद पांडे, हिमांशु शर्मा, सतीश फुलारा, कविता जीना, महेश चंद्र भट्ट, अशोक सिंह रौतेला, आनंद सिंह कुनियाल, विनोद कुमार जोशी, रमेश सिंह सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## रूद्रपुर की पुरातन श्री रामलीला कमेटी की नयी कार्यकारणी का गठन




### समाजसेवी मनोज गाबा अध्यक्ष, रामभक्त सुशील गाबा महासचिव, सीए अमित गंभीर कोषाध्यक्ष एवं छाबड़ा बने समन्वयक

**पर्वत प्रेरणा संवाददाता**

**रूद्रपुर।** रूद्रपुर की ऐतहासिक, प्राचीन एवं पुरातन बस स्टैंड वाली रामलीला की नयी कमेटी के चुनाव सर्वसम्मति से संपन्न हुये, जिसमें समाजसेवी मनोज गाबा को अध्यक्ष, सुशील गाबा को महासचिव, सीए अमित गंभीर को कोषाध्यक्ष तथा राजेश छाबड़ा को समन्यवयक निर्वाचित किया गया।

यह जानकारी देते हुये निवर्तमान महासचिव विजय अरोरा नें बताया कि रूद्रपुर की ऐतहासिक पुरातन श्री रामलीला कमेटी के तत्वाधान में श्री रामलीला मंचन की स्वर्णिम परंपरा को अधिक भव्य, सुंदर व अनुशासित रूप से मंचित किया जाने के प्रयास लगातार किये जा रहे हैं। कमेटी के संरक्षक तिलक राज बेहड़ एवं निवर्तमान अध्यक्ष एवं सरपरस्त पवन अग्रवाल तथा समस्त सदस्यों द्वारा नयी कार्यकारणी के चुनावो की अनुशंसा के बाद समाजसेवी मनोज गाबा को अध्यक्ष, रामभक्त सुशील गाबा को महासचिव, सीए अमित गंभीर को कोषाध्यक्ष तथा राजेश छाबड़ा को समन्यवयक निर्वाचित किया गया।

निवर्तमान महासचिव विजय अरोरा नें आगे बताया कि श्री रामलीला कमेटी की नयी कार्यकारणी के गठन के बाद आपसी विचार विमर्श एवं सर्वसम्मति से पूरी वर्किंग कमेटी का भी पुर्नगठन किया गया है। जिसमें श्रीरामलीला कमेटी के संरक्षक तिलक राज बेहड़, सरपरस्त पवन अग्रवाल, अध्यक्ष मनोज गाबा, महामंत्री एवं संचालन रामभक्त सुशील गाबा, कोषाध्यक्ष सीए अमित गंभीर, समन्यवयक राजेश छाबड़ा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेश शर्मा, उपाध्यक्ष देवी शंकर अग्रवाल, विजय अरोरा, हरीश अरोरा, महावीर आजाद, सचिव अमित अरोरा बोबी, राकेश सुखीजा, अशोक गुम्बर, डायरेक्टर सुभाष खंडेलवाल, संदीप धीर, मंच सचिव विजय जग्गा, सदस्यो के रूप में ओम प्रकाश अरोरा, केवल कृष्ण बत्रा, अमित चावला, आशीष मिड्ढा, विजय विरमानी, जगदीश टंडन, रघुवीर अरोरा, राज घई, चन्द्र सचदेवा, बिट्टू ग्रोवर, रवि बठला इस रामकार्य में अपनी जिम्मेवारी निभायेंगें।

## पूज्य आचार्यश्री के विचार शक्तिपीठों से पहुंचे जन-जन तक: डॉ चिन्मय पण्ड्या

**हरिद्वार।** गायत्री तीर्थ शांतिकुंज में तीन दिवसीय ट्रस्ट मंडल कार्यशाला का आज समापन हुआ। इस शिविरि में उत्तर प्रदेश, झारखंड, छत्तीसगढ़ एवं बिहार के विभिन्न जिलों से आए ट्रस्टियों एवं कार्यकर्ताओं ने प्रतिभाग किया।

समापन से पूर्व अवसर पर देव संस्कृति विश्वविद्यालय के उपाध्यक्ष डॉ. चिन्मय पण्ड्या ने कार्यकर्ताओं को संगठन विस्तार का मंत्र देते हुए कहा कि अब केवल शांतिकुंज के भरोसे मिशन का विस्तार संभव नहीं है। प्रत्येक शक्तिपीठ को अपने क्षेत्र में 'मिनी शांतिकुंज' बनकर मिशन का दायित्व संभालना होगा। जन्मशताब्दी समारोह के दलनायक डॉ. पण्ड्या ने कहा कि शक्तिपीठ जनजागरण, संस्कार, सेवा, साधना और युग निर्माण की गतिविधियों के सक्रिय केंद्र बनें। प्रत्येक शक्तिपीठ अपने क्षेत्र की जिम्मेदारी उठाएगा, तभी परमपूज्य गुरुदेव पं. श्रीराम शर्मा आचार्य के विचार घर-घर और जन-जन तक पहुंच सकेंगे। उन्होंने जन्मशताब्दी वर्ष को व्यापक जनजागरण और विचार विस्तार का अभियान बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हम जितना सोचते और चाहते हैं, गुरुदेव उससे कहीं अधिक बढ़कर देते हैं। आवश्यकता केवल निर्मल भावना, प्रबल संकल्प और समर्पित पुरुषार्थ की है। जनवरी में आयोजित जन्मशताब्दी समारोह की सफलता का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि यह किसी एक व्यक्ति का प्रयास नहीं, बल्कि देशभर से आए हजारों कार्यकर्ताओं की सेवा भावना, अनुशासन और सामूहिक पुरुषार्थ का परिणाम है। डॉ. पण्ड्या ने कहा कि जन्मशताब्दी गुरुदेव के विचारों को व्यापक समाज तक पहुंचाने और युग निर्माण के संकल्प को नई गति देने का अवसर है।

## जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने चौपाल लगाकर सुनीं डख्याटगाँव के लोगो की समस्याएं

### दो वर्षीय बालिका की आंख की समस्या पर डीएम की संवेदनशील पहल, मौके पर ही दिए जांच के निर्देश

**उत्तरकाशी/नौगांव।** जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने अपने दो दिवसीय यमुना घाटी भ्रमण के दौरान विकासखंड नौगांव के डख्याटगाँव स्थित मंदिर प्रांगण में ग्रामीण चौपाल लगाकर ग्रामीणों से सीधा संवाद किया।जिलाधिकारी ने ग्रामीणों से संवाद करते हुए उनकी मूलभूत समस्याओं को गंभीरता से सुना। चौपाल में ग्राम प्रधान बिशाल सिंह तथा ग्रामीणों द्वारा गांव के अवस्थापना विकास, पेयजल, शिक्षा व सामाजिक सुरक्षा से संबंधित विभिन्न मांग और समस्याओं को जिलाधिकारी के समक्ष रखा।चौपाल में सड़क सुविधा के विषय पर त्वरित संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी ने डांडा गांव छानी से तटाऊ महाविद्यालय तक स्वीकृत 3 किमी मोटर मार्ग के निर्माण कार्य में हो रहे विलंब पर सख्त रुख अपनाते हुए अधिशासी अभियंता लोनिवि को सड़क की अद्यतन स्थिति की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। ग्रामीणों द्वारा गांव में प्राथमिक विद्यालय की जर्जर स्थिति, पंचायत भवन और आंगनबाड़ी केंद्र भवन की मांग से अवगत कराया। जिस पर जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी नौगांव को नए आंगनबाड़ी भवन के निर्माण का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिये।

गाँव में जल जीवन मिशन के अंतर्गत अधूरे पड़े कार्यों के कारण बाधित हो रही जल आपूर्ति पर जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था को गुणवत्तापूर्ण निर्माण पूरा करने के लिए निर्देश दिए। चौपाल में गाँव के युवाओं की जरूरतों पर चर्चा के दौरान प्राथमिक विद्यालय परिसर में खेल मैदान का व्यवस्थीकरण, समतलीकरण तथा युवाओं के लिए खेल सामग्री उपलब्ध कराने के संबंध में संबंधित विभागीय अधिकारियों को कार्ययोजना प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

ग्रामीण चौपाल के दौरान एक महिला ने जिलाधिकारी प्रशांत आर्य को अपनी दो वर्षीय बालिका आराध्या की आंख से संबंधित समस्या के बारे में अवगत कराया। बालिका की कॉर्निया से संबंधित समस्या की जानकारी मिलते ही जिलाधिकारी ने मामले को गंभीरता एवं संवेदनशीलता से लेते हुए मौके पर उपस्थित एसीएमओ को बालिका का तत्काल स्वास्थ्य परीक्षण कराने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने बालिका के बेहतर उपचार के लिए हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने और आवश्यकतानुसार अग्रिम चिकित्सा कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पात्र लाभार्थियों के चयन में अनियमितता की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी को सूची का पुन: पारदर्शी सत्यापन करने के निर्देश दिए। इस दौरान रामलीला समिति के सदस्यों ने भी गांव की समस्या से अवगत कराया और समिति द्वारा सूक्ष्म अभिनय की प्रस्तुति दी जिसकी जिलाधिकारी और उपस्थित अधिकारियों और जनसमूह द्वारा सराहना की।

इस दौरान बीडीओ नौगांव विजेन्द्र चौहान, एसीएमओ रमेश चंद्र आर्य, पर्यावरण विशेषज्ञ स्वजल प्रताप मटूडा, पीएम रीप कपिल उपाध्याय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# शहीदों की स्मृति में बौराड़ी में शिव महापुराण कथा का आयोजन

## हिमालय और पर्यावरण संरक्षण को लेकर संत दुर्गेश आचार्य ने चेताया, आज सतेश्वर महादेव मंदिर से निकलेगी भव्य कलश यात्रा

**पर्वत प्रेरणा संवाददाता**

**टिहरी (गढ़वाल)।** शहीद सैनिकों एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की स्मृति में गंगा विश्व सद्भावना समिति की ओर से बौराड़ी स्थित शहीद स्मारक में 14 से 24 सितंबर तक शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा के शुभारंभ अवसर पर आज, 14 सितंबर को अपराह्न 2 बजे सतेश्वर महादेव मंदिर से शहीद स्मारक बौराड़ी तक भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। आयोजन को लेकर समिति की ओर से सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। शिव महापुराण कथा में राष्ट्रीय संत एवं प्रसिद्ध कथा वाचक डॉ. दुर्गेश आचार्य महाराज श्रद्धालुओं को प्रवचन देंगे। नई टिहरी पहुंचने पर गंगा विश्व सद्भावना समिति के अध्यक्ष राकेश राणा, कोषाध्यक्ष महावीर प्रसाद उनियाल, टीकम सिंह चौहान एवं गणेश प्रसाद भट्ट सहित समिति के पदाधिकारियों ने राष्ट्रीय संत डॉ. दुर्गेश आचार्य महाराज का स्वागत एवं अभिनंदन किया। पत्रकारों से बातचीत में डॉ. दुर्गेश आचार्य महाराज ने नई पीढ़ी में सनातन धर्म, संस्कृति एवं संस्कारों के प्रति बढ़ती दूरी पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि संस्कार किसी भी समाज की नींव होते हैं। नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति और परंपराओं से जोड़ने तथा संस्कारों की पुनर्स्थापना के लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति को आगे आना होगा। धार्मिक आयोजन केवल पूजा-पाठ तक सीमित नहीं रहने चाहिए, बल्कि इनके माध्यम से समाज में संस्कार, सेवा और सद्भाव की भावना को भी मजबूत किया जाना चाहिए। नेपाल में आई आपदा में जान गंवाने वाले लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए उन्होंने विश्व कल्याण की कामना की। उन्होंने कहा कि नेपाल की आपदा से हमें सीख लेने की जरूरत है। हिमालय और प्रकृति के साथ किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ के परिणाम गंभीर हो सकते हैं। इसलिए पर्यावरण संरक्षण और हिमालय के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझना होगा। प्रकृति सुरक्षित रहेगी, तभी मानव जीवन भी सुरक्षित रह पाएगा। गंगा विश्व सद्भावना समिति के अध्यक्ष राकेश राणा ने कहा कि धार्मिक स्थलों की यात्रा को केवल पर्यटन की दृष्टि से नहीं देखा जाना चाहिए। तीर्थस्थलों पर जाने के पीछे तीर्थाटन की भावना होनी चाहिए। श्रद्धालुओं को प्रकृति और पर्यावरण के प्रति संवेदनशील रहना होगा। धार्मिक आस्था के साथ हिमालय एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी समाज तक पहुंचना चाहिए। इस अवसर पर गंगा विश्व सद्भावना समिति के अध्यक्ष राकेश राणा, कोषाध्यक्ष महावीर प्रसाद उनियाल, गणेश भट्ट, गोविंद सिंह पुंडीर, टैक्सी यूनियन अध्यक्ष टीकम सिंह चौहान, अनिता थपलियाल, शैला देवी, कल्पना भट्ट, अंबिका नैथानी, सोनम भंडारी, राम देई रावत, सपना कठैत, रोशनी भट्ट, कपिल उनियाल, कुलदीप नौटियाल, हेमंत नौटियाल, कृष्णा मिश्रा, राम रमया आदि मौजूद रहे।

# मुझे गर्व है कि मैं वीर सैनिक देने वाले गढ़वाल की बेटी हूं : अनुकृति

## 2027 में भारी बहुमत से बनेगी भाजपा की सरकार

**कोटद्वार।** भाजपा की प्रदेश प्रवक्ता अनुकृति गुसाईं ने कहा कि केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकारों की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंच रहा है। सरकार के विकास कार्यों और जनहितकारी योजनाओं के दम पर भाजपा वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में एक बार फिर जनता का विश्वास हासिल कर प्रचंड बहुमत के साथ सरकार बनाएगी। आज भाजपा कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत में अनुकृति गुसाईं ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार लगातार जनहित में कार्य कर रही हैं। सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ आम जनता, महिलाओं,




युवाओं और समाज के अन्य वर्गों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा मुझे गर्व है कि मैं उस गढ़वाल की बेटी हूं, जिस गढ़वाल की धरती ने देश को अनेक वीर सैनिक दिए हैं। उनकी पार्टी भाजपा सैनिकों का सम्मान करने वाली पार्टी है और सैनिकों एवं उनके परिवारों के हितों के लिए लगातार कार्य करती रही है। पत्रकारों द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव में चुनाव लड़ने के संबंध में पूछे गए सवाल पर अनुकृति गुसाईं ने कहा कि पार्टी का शीर्ष नेतृत्व जो निर्णय लेगा, वही सर्वमान्य होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा संगठन और नेतृत्व के निर्णय का सभी कार्यकर्ता सम्मान करते हैं। अनुकृति गुसाईं ने दावा किया कि भाजपा सरकार द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों और संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं से जनता को सीधा लाभ मिल रहा है। इसी के आधार पर पार्टी वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में फिर से जनता के बीच जाएगी और भारी बहुमत से सरकार बनाएगी। पत्रकार वार्ता में हरि सिंह पुंडीर, विकासदीप मित्तल सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# ऋषेंद्र महर ने एनएच बंद होने पर उग्र आंदोलन की दी चेतावनी

**पर्वत प्रेरणा संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव ऋषेन्द्र महर ने सरकार, प्रशासन और एन एच को आड़े हाथों लेते हुए बयान जारी किया। उन्होंने कहा कि सीमांत जिला मुख्यालय को जोड़ने वाली ऑल वैदर रोड राष्ट्रीय राजमार्ग एन एच 09 में लगभग 1 साल से अधिक समय से घाट के समीप मुन्ना बैंड में मलबा जमा है। इस विषय को लेकर उनके द्वारा बार बार विभाग के उच्च अधिकारियों और सोशल मीडिया के माध्यम से शासन प्रशासन से भी अपील की गई थी



कि उस जगह को समय रहते सही कर लिया जाए अन्यथा मानसून में वह खतरा बन सकती है। लेकिन शासन प्रशासन और इनके राष्ट्रीय राजमार्ग को तो केवल कमीशन खाने से मतलब है। न काम हुआ न कोई कार्यवाही हुई। अब उस रोड में लगातार पत्थर गिर रहे हैं। जिससे सैकड़ों गाड़ियां राष्ट्रीय राजमार्ग में फंस रही हैं। इस वजह से सबसे ज्यादा परेशानी एन डी ए का पेपर देने जा रहे विद्यार्थियों को हुई। कुछ तो हार मान कर घर वापस आ गए और कुछ गाड़ियां देर सायं निकल पाईं। इसी के साथ साथ जिन लोगों की ट्रेन या फ्लाइट थी वो सब छूट गईं। यहां तक कि मरीज और उनके रिश्तेदार भी परेशान रहे। पर सरकार और प्रशासन को इससे क्या? ऋषेंद्र महर ने चेतावनी दी कि भाजपा सरकार यह याद रखे कि पिथौरागढ़ की जनता सब जानती है और वक्त आने पर सूद समेत जवाब देना भी जानती है। उन्होंने कहा कि सरकार ने जल्द इस राष्ट्रीय मार्ग को सही नहीं किया तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

# क्रांतिकारी जतीन्द्रनाथ दास की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

**पर्वत प्रेरणा संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** 63 दिन की लम्बी भूख हड़ताल के बाद 13 सितम्बर 1929 को 24 वर्ष की आयु में लाहौर सेंट्रल जेल में जतीन्द्र नाथ दास ने भारत मां की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राण अर्पित किए। नेड़ा में आयोजित गोष्ठी में शहीद को विनम्र श्रद्धांजलि देते हुए सामाजिक चिंतक डॉ. तारा सिंह ने कहा कि काश जेल की अंधी, गूंगी, बहरी व मजबूत




दीवारें कुछ बयां कर सकती। कितना अदम्य साहस, निडरता एवं आत्मशक्ति थी जतिन दा में। आशा चन्द ने कहा कि वीरांगना दुर्गा भाभी शहीद की पार्थिव देह लेने जेल गई तथा देह को रेल से कोलकाता लेकर गई। नीमा मेहरा ने कहा कि 16 सितम्बर को ट्रेन हावड़ा स्टेशन पहुंची। नेता जी सुभाष चन्द्र बोस ने शहीद की अर्थी को कंधा दिया। लाखों नम आंखों ने अन्तिम संस्कार में भाग लिया और चिता की भस्म माथे पर लगाई। नेड़ा के भारती सदन में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में केदार सिंह कोरंगा, सार्थक चन्द, वेदान्त, श्रेष्ठा, युवराज, वन्दना, प्रत्यक्ष, करिश्मा महल, मयंक, शौर्य मेहरा, रेखा शर्मा, भावना ततराड़ी आदि मौजूद थे।

# संघ शताब्दी वर्ष पर आयोजित हुआ युवा सम्मेलन

**पर्वत प्रेरणा संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की ओर से संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य पर पिथौरागढ़ नगर में युवा सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में 287 युवाओं तथा 32 व्यवस्था के बंधुओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रकार के खेल एवं शारीरिक गतिविधियां आयोजित की गईं, जिनमें युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सह प्रांत कार्यवाह भूपेंद्र रहे। उन्होंने संघ के कार्यों, संगठन की




विचारधारा तथा युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राष्ट्र निर्माण में युवाओं की सक्रिय भागीदारी महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में विभाग प्रचारक वतन, जिला प्रचारक ऋषभ, नगर संघचालक दिनेश जोशी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। सम्मेलन के दौरान विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के माध्यम से युवाओं में अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता विकसित करने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में जगदीश, यशपाल, कमलेश, संदीप, पंकज, रमेश, प्रकाश, बसंत पुनेठा सहित बड़ी संख्या में संघ कार्यकर्ता लक्ष्मण सिंह महर परिसर पिथौरागढ़ में उपस्थित रहे।

# प्रतापनगर के संकुलों मे खेल प्रतिभाओं ने दिखाया दम

## विजेता खिलाडियों को पूर्व प्रमुख प्रदीप रमोला ने किया सम्मानित

**लंबगांव टिहरी । पर्वत प्रेरणा (संवाददाता)** विकासखंड प्रतापनगर क्षेत्र मे आयोजित संकुल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं ने उत्साह और खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया इंटर कॉलेज मांजफ मे संकुल सिलवालगांव की खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व ब्लॉक प्रमुख प्रदीप रमोला ने किया ! रमोला ने कहा कि खेल बच्चों के शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास के लिए बेहद जरूरी हैं। खेलों से बच्चों में अनुशासन, आत्मविश्वास और प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होने के साथ ही आपसी प्रेम, सौहार्द और भाईचारा भी बढ़ता है उन्होंने शिक्षकों से बच्चों में खेलों के प्रति रुचि पैदा करने और उन्हें नियमित रूप से



खेल गतिविधियों के लिए प्रोत्साहित करने का आह्वान किया। संकुल सिलवालगांव की प्रतियोगिता में जूनियर बालक वर्ग एंव बालिका वर्ग कबड्डी में जूनियर हाईस्कूल भेलुंता विजेता रहा। खो-खो के बालक वर्ग में राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय खेत और बालिका वर्ग में राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय भेलुंता विजेता रहा। प्राथमिक स्तर बालिका वर्ग की 50 मीटर दौड़ में सुहाना प्रथम और अनुकृति द्वितीय, 100 मीटर में प्रियांशी प्रथम और सुहानी द्वितीय, 200 मीटर में प्रियांशी प्रथम और सुहानी द्वितीय तथा 400 मीटर में मोनिका प्रथम और सुहानी द्वितीय रहीं। जूनियर बालिका वर्ग की 100 मीटर दौड़ में बंदना प्रथम और रितु द्वितीय, 200 मीटर में अवनी प्रथम और प्रियांशी द्वितीय, 400 मीटर में कल्पना प्रथम और राधिका द्वितीय तथा 600 मीटर में शीतल प्रथम और राधिका द्वितीय रहीं। जूनियर बालक वर्ग की 100 मीटर दौड़ में सिद्धार्थ प्रथम और अमित द्वितीय, 200 मीटर में सुशील प्रथम और कुश द्वितीय, 400 मीटर में कुश प्रथम और अमित द्वितीय तथा 600 मीटर में रोहित प्रथम और अतुल द्वितीय रहे दूसरी ओर गौरव शिक्षा निकेतन कंडियालगांव मे संकुल ओनालगांव की खेलकूद प्रतियोगिता प्राथमिक बालक वर्ग की50 मीटर दौड मे अरविंद प्रथम, अजीत दितीय 100 मीटर में हरीश प्रथम, प्रियांशु द्वितीय रहे। 200 और 400 मीटर में अनुराग प्रथम तथा अरविंद द्वितीय रहे। बालिका वर्ग की 50च मीटर दौड़ में अनिच्छा प्रथम और मानसी द्वितीय, 100 मीटर में मानसी प्रथम और अनिच्छा द्वितीय तथा 200 मीटर में मीना प्रथम और खुशी द्वितीय रहीं। लंबी कूद बालक वर्ग में अनुराग प्रथम और ऋतिक द्वितीय तथा बालिका वर्ग में अनिच्छा प्रथम और भूमिका द्वितीय रहीं। कबड्डी बालक वर्ग में राप्रावि रैका विजेता और गौरव शिक्षा निकेतन कंडियालगांव उपविजेता रहा।

बालिका वर्ग कबड्डी में गौरव शिक्षा निकेतन कंडियालगांव ने प्रथम और राजकीय प्राथमिक विद्यालय रैका ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। देवल मे रौणिया संकुल की खेलकूद प्रतियोगिताओं मे मे महर्षि दयानंद पब्लिक स्कूल (एमडीएस) का दबदबा रहा। खो-खो, कबड्डी, योग और विभिन्न दौड़ प्रतियोगिताओं में विद्यालय के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया।

बैडमिंटन डबल और जूनियर एकल बालक वर्ग में भी एमडीएस के खिलाड़ियों ने बाजी मारी प्रतियोगिता संपन्न होने के पश्चात मुख्य अतिथि पूर्व प्रमुख प्रदीप रमोला ,जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मी पंवार, विजय देवी, प्रधान देवेंद्र कंडियाल, जीएसएन के प्रबंधक गुलाब सिह, पंवार, पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य धीरेंद्र महर ने सभी विजेता और प्रतिभागी खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित कर सम्मानित किया इस अवसर पर प्रधानाचार्य केएस रावत, ब्लॉक क्रीडा समन्वयक मनोज खंडवाल, संकुल समन्वयक महेश बहुगुणा, पूर्व सैनिक संगठन को अध्यक्ष युद्धबीर राणा, गोविंद मिश्रवाण विजय कृष्ण आर्य, पीडी आर्य, बीरबल कुमांई आदि मौजूद थे

# युवाओं के सपनों से बनेगा विकसित उत्तराखंड :धामी

## मुख्यमंत्री युवा विद्यार्थी मंथन में विद्यार्थियों ने रखे विकास के सुझाव, 2.67 लाख से अधिक विद्यार्थियों ने भेजे निबंध



**नई टिहरी।** कीर्तिनगर स्थित हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय के चौरास परिसर में 'मेरे सपनों का उत्तराखंड' विषय पर आयोजित मुख्यमंत्री युवा विद्यार्थी मंथन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विद्यार्थियों से सीधा संवाद किया। उन्होंने विद्यार्थियों से विकसित उत्तराखंड को लेकर उनके सपने, विचार और सुझाव जाने तथा कहा कि युवा ही देश और प्रदेश का भविष्य हैं। उनके सपनों, संकल्प और मेहनत से ही वर्ष 2047 का विकसित भारत और विकसित उत्तराखंड आकार लेगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि 'मेरे सपनों का उत्तराखंड' अभियान को विद्यार्थियों का व्यापक समर्थन मिला है। प्रदेशभर से 2,67,744 विद्यार्थियों ने अपने निबंध और विचार भेजे हैं। उन्होंने विद्यार्थियों के विचारों की सराहना करते हुए कहा कि कई निबंध इतने अच्छे हैं कि यह तय करना कठिन है कि किसे अच्छा और किसे बहुत अच्छा कहा जाए। कार्यक्रम में रुद्रप्रयाग की कक्षा 11 की छात्रा सीमा सेमवाल ने पलायन पर अपने विचार रखे। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड में स्थायी और अस्थायी दोनों प्रकार का पलायन होता है। शिक्षा और रोजगार के लिए बाहर जाना हमेशा नकारात्मक नहीं है, क्योंकि इससे युवाओं को सीखने और आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। हालांकि पहाड़ों में माताओं-बहनों को अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। देवप्रयाग की श्रेया सेमवाल ने 'पहाड़ रहें, अपने रहें, मेरे सपने रहें' विषय पर विचार रखे। छात्रा तमन्ना ने 'मेरा पहाड़, मेरा रोजगार, पत्थर की छाती पर बनेगा रोजगार' का संदेश देते हुए पलायन रोकने और स्थानीय रोजगार बढ़ाने पर जोर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि परिस्थितियां चुनौतीपूर्ण हो सकती हैं, लेकिन संकल्प मजबूत होना चाहिए। विद्यार्थियों ने सरकारी स्कूलों और अस्पतालों में भरोसा बढ़ाने, पलायन रोकने, पर्यटन एवं पर्यावरण संरक्षण, चारधाम यात्रा, स्वास्थ्य सुविधाओं और कौशल विकास से जुड़े सुझाव भी दिए। छात्र मुकेश कुशवाहा ने छोटे गांवों तक हेलीकॉप्टर एंबुलेंस जैसी सुविधा पहुंचाने तथा विद्यालय स्तर पर कौशल विकास प्रशिक्षण शुरू करने का सुझाव दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार युवाओं को अपनी प्रतिभा और क्षमता का बेहतर प्रदर्शन करने के लिए आवश्यक अवसर और सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास कर रही है। धामी ने कहा कि उत्तराखंड की भौगोलिक परिस्थितियां कठिन हैं, फिर भी गांव-गांव तक बिजली और पानी जैसी मूलभूत सुविधाएं पहुंचाई जा रही हैं। प्रदेश में 500 से अधिक स्मार्ट क्लास संचालित हैं और रिवर्स माइग्रेशन भी हो रहा है। उन्होंने युवाओं से नौकरी तलाशने के साथ ही नौकरी देने वाला बनने का लक्ष्य रखने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने युवाओं से नशे से दूर रहने और अपने आसपास तथा प्रदेश में हो रहे बदलावों की जानकारी रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जैसे व्यक्तित्व साधारण परिवारों से निकलकर देश के सर्वोच्च पदों तक पहुंचे हैं। युवाओं को सजग होकर व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने में अपनी भूमिका निभानी होगी। कार्यक्रम में अदिति गौतम ने मुख्यमंत्री को अपनी बनाई चित्रकृति भेंट की। बेहतर सहभागिता के लिए जिला शिक्षा अधिकारी (बेसिक) अंशुल बिष्ट को सम्मानित किया गया।

रुद्रप्रयाग में निबंध लेखन में विद्यार्थियों की शत-प्रतिशत भागीदारी के लिए जिलाधिकारी विशाल मिश्रा को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी टिहरी गढ़वाल नितिका खंडेलवाल, एसएसपी श्वेता चौबे, सीडीओ वरुणा अग्रवाल सहित विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएं और शिक्षक मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन नेहा अग्रवाल और डॉ. राहुल अग्रवाल ने किया।

# सांस्कृतिक महोत्सव में जाखणीधार का दबदबा

## गीत, नृत्य, आशुभाषण और लोक संस्कृति की प्रस्तुतियों ने मोहा मन



**नई टिहरी।** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज नई टिहरी में आयोजित संकुल स्तरीय सांस्कृतिक महोत्सव में छात्र-छात्राओं ने गीत, नृत्य, आशुभाषण, अंताक्षरी, श्लोक, प्रश्नमंच और लोक संस्कृति पर आधारित मनमोहक प्रस्तुतियां देकर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। महोत्सव में संकुल के नौ विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। रविवार को आयोजित महोत्सव का शुभारंभ पूर्व कैबिनेट मंत्री दिनेश धनाई, नगर पालिकाध्यक्ष मोहन सिंह रावत और भाजपा एनजीओ प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सुशील बहुगुणा ने दीप प्रज्वलित कर किया। अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। विद्यार्थियों ने भारतीय संस्कृति, लोक परंपराओं और सामाजिक सरोकारों पर आधारित प्रस्तुतियां देकर खूब तालियां बटोरीं। विद्यालय के प्रधानाचार्य बीडी कुनियाल ने बताया कि संकुल स्तर पर जाखणीधार ने प्रथम, नई टिहरी ने द्वितीय और चंबा ने तृतीय स्थान हासिल किया। आचार्य प्रश्नमंच में नई टिहरी विजेता रहा। प्रश्नमंच के बाल एवं किशोर वर्ग में चंबा तथा तरुण वर्ग में जाखणीधार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। आशुभाषण के किशोर वर्ग में जाखणीधार और तरुण वर्ग में चंबा प्रथम रहा। गीत प्रतियोगिता के बाल एवं किशोर वर्ग में जाखणीधार तथा तरुण वर्ग में नई टिहरी ने बाजी मारी। लोकनृत्य में नई टिहरी की टीम प्रथम रही। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेता एवं उपविजेता प्रतिभागियों को अतिथियों ने स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। अतिथियों ने कहा कि विद्यालयों में पढ़ाई के साथ रचनात्मक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का निरंतर आयोजन होना चाहिए। ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास के साथ उनकी रचनात्मक प्रतिभा को भी निखारते हैं।

सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से विद्यार्थियों ने उत्तराखंड की समृद्ध लोक संस्कृति की झलक भी प्रस्तुत की। इस अवसर पर संकुल प्रमुख इंद्रपाल परमार, रविंद्र सेमवाल, डॉ. प्रमोद उनियाल, विक्रम कठैत, राकेश बडोनी, सुरेंद्र मैठाणी, सुषमा उनियाल, रवि गुसाईं, कविता, रविंद्र नेगी, आनंद पुंडीर, दिनेश बहुगुणा और राजेंद्र मिश्रवाण सहित शिक्षक एवं अभिभावक मौजूद रहे।

# डॉ. अवस्थी को दिल्ली में मिला लोक भाषा, लोक कला, लोक संस्कृति संरक्षण सम्मान



**पिथौरागढ़।** वरिष्ठ साहित्यकार व समाज सुधारक डॉक्टर पीताम्बर अवस्थी को डी पी एम आई सभागार अशोक नगर नई दिल्ली में आयोजित मासिक साहित्यिक संगोष्ठी में उनके उत्कृष्ट साहित्य रचना कार्य और समाज सेवा के लिए बारहवें लोक भाषा, लोक कला व लोक संस्कृति संरक्षण सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डॉक्टर पीताम्बर अवस्थी के नशामुक्ति, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की मुक्त कण्ठ से सराहना की गई। इस दौरान उनकी धर्म पत्नी मंजुला अवस्थी भी उपस्थित थी। मंजरी कुंज न्यू बजेटी पिथौरागढ़ निवासी डॉक्टर पीताम्बर अवस्थी की दो दर्जन से अधिक पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं तथा वह लाखों लोगों को नशा न करने का संकल्प पत्र भरवा चुके हैं। उन्होंने न्यू बजेटी में अपने आवास में ज्ञानप्रकाश संस्कृत पुस्तकालय की स्थापना की है। जहां विद्यार्थियों, साहित्यप्रेमियों, शोधार्थियों व सभी के लिए निशुल्क पुस्तकें उपलब्ध हैं। उनकी इस उपलब्धि पर जनपद के साहित्यकारों व कवियों चिंतामणि जोशी, दिनेश चंद्र भट्ट, लक्ष्मी आर्या, डॉक्टर आनन्दी जोशी, दिनेश पंत, डॉ. सरस्वती कोहली, जगदीश कलौनी, उमा पाटनी अवनि, डॉक्टर नीरज चंद्र जोशी, डॉक्टर प्रमोद कुमार श्रोत्रिय, जन कवि प्रकाश जोशी शूल, जयमाला देवलाल, भावना भट्ट, अनीता जोशी, मथुरा दत्त चौसाली, काजल नेगी, ललित शौर्य, आशा सौन आदि ने उनको बधाई दी है।

# गिरिजा शंकर जोशी को दी श्रद्धांजलि

**पर्वत प्रेरणा संवाददाता**



**पिथौरागढ़।** हिंदी दिवस की पूर्व संध्या पर आदलि कुशलि कुमाउंनी मासिक पत्रिका के टकाना स्थित कार्यालय में विचार गोष्ठी एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आदलि कुशलि पत्रिका की संपादक डॉ. सरस्वती कोहली ने सभी आगंतुकों का स्वागत करते हुए कुमाउंनी और हिंदी भाषा के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में डॉ. आनंदी जोशी, मुन्नी पांडेय, उमा पाटनी अवनि, लक्ष्मी आर्या, भुवन चंद्र सनवाल, होशियार सिंह ज्याला, दिनेश भट्ट, चिंतामणि जोशी आदि मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन रोहित कुमार ने किया। वक्ताओं ने हिंदी और कुमाउनी भाषा के संबंधों और इनके महत्व को बताया। कार्यक्रम में हिंदी और कुमाउनी कविताओं का पाठ भी किया गया। कार्यक्रम के अंत में जिला सूचना अधिकारी नैनीताल गिरिजा शंकर जोशी के निधन पर शोक व्यक्त किया गया। गिरिजा शंकर जोशी को शालीन, विनम्र व्यक्तित्व और लिखने पढ़ने वालों के प्रति उनकी सद्भावना के लिए हमेशा याद किया जाएगा। पिथौरागढ़ के लेखकों व साहित्यकारों ने गिरिजा शंकर जोशी को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# एलएसएम परिसर में ऑनलाइन संस्कृत संगोष्ठी का हुआ आयोजन

**पिथौरागढ़।** लक्ष्मण सिंह महर परिसर में उत्तराखण्ड संस्कृत संस्थान (उत्तराखण्ड संस्कृत अकादमी) तथा लक्ष्मण सिंह महर परिसर के संयुक्त तत्वावधान में राज्यस्तरीय अन्तर्जालीय संस्कृत संगोष्ठी 2026-27 का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का प्रमुख उद्देश्य संस्कृत भाषा के अध्ययन, अध्यापन, अनुसंधान एवं भाषा वैज्ञानिक कार्यों में आधुनिक तकनीक, विशेष रूप से कृत्रिम बुद्धिमत्ता के उपयोग की संभावनाओं पर विचार-विमर्श करना था। संगोष्ठी का विषय संस्कृत भाषा वैज्ञानिक कार्य में कृत्रिम बुद्धिमत्ता का प्रयोग अत्यंत समसामयिक एवं प्रासंगिक रहा। वर्तमान डिजिटल युग में कृत्रिम बुद्धिमत्ता शिक्षा, भाषा, शोध, अनुवाद, सूचना- प्रसंस्करण तथा ज्ञान- विनिमय के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इसी परिप्रेक्ष्य में संस्कृत जैसी समृद्ध एवं वैज्ञानिक भाषा को आधुनिक तकनीकी संसाधनों से जोड़ने की दिशा में यह संगोष्ठी एक महत्वपूर्ण पहल रही। संगोष्ठी का आयोजन अन्तर्जालीय (ऑनलाइन) माध्यम से किया गया, जिससे प्रदेश के विभिन्न जनपदों में स्थित संस्कृत विषय के अध्यापकों, शोधार्थियों, विद्यार्थियों तथा भाषा-प्रेमियों को एक साझा मंच पर जुड़ने का अवसर प्राप्त हुआ। संगोष्ठी के माध्यम से संस्कृत के परम्परागत ज्ञान और आधुनिक तकनीकी नवाचार के मध्य समन्वय स्थापित करने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष परिसर के निदेशक डॉ. हेम चन्द्र पाण्डेय रहे। मुख्य अतिथि के रूप में अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. धर्मेन्द्र कुमार उपाध्याय ने सहभागिता की। मुख्य वक्ता के रूप में सहायक प्राध्यापक, योग एवं आध्यात्मिक विभाग डीम्ड यूनिवर्सिटी, बेंगलुरु डॉ. चैतन्य एस. एल. एस. व्यास उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में गौरव शास्त्री, संस्कृत भारती, प्रान्त-संगठन मन्त्री, उत्तराखण्ड ने सहभागिता की। संगोष्ठी के सह-संयोजक डॉ. गणेश उपाध्याय, सहायक प्राध्यापक, संस्कृत विभाग, लक्ष्मण सिंह महर परिसर, पिथौरागढ़ तथा संयोजिका डॉ. विभा राघव, सहायक प्राध्यापक, संस्कृत विभाग, लक्ष्मण सिंह महर परिसर, पिथौरागढ़, संगोष्ठी में तकनीकी सहयोगी के रूप में परिसर मीडिया प्रभारी डॉ. ए. एस. जगेड़ा उपस्थित रहे।

# मेडिकल कॉलेज की मांग को लेकर 28वें दिन भी धरना जारी

## राकेश राणा बोले-अब आश्वासन नहीं, निर्माण की स्पष्ट घोषणा चाहिए



**पर्वत प्रेरणा( संवाददाता )**

**नई टिहरी ।** मेडिकल कॉलेज निर्माण की मांग को लेकर टिहरी मेडिकल कॉलेज निर्माण संयुक्त संघर्ष समिति के नेतृत्व में 16 अगस्त से चल रहा अनिश्चितकालीन धरना रविवार को 28वें दिन भी जारी रहा। वहीं 1 सितंबर से शुरू हुआ क्रमिक अनशन 13वें दिन भी जारी रहा। रविवार को असद आलम और सुरेंद्र खत्री क्रमिक अनशन पर बैठे। धरना स्थल पर डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम विचार मंच के स्वयंसेवकों ने पहुंचकर आंदोलन को समर्थन दिया। सत्याग्रह के 41वें दिन जीतराम भट्ट के साथ सरताज अली, नरेंद्र परमार, राजेश नेगी, संजय बिष्ट, हाशिम बख्श, फहाद शेख, अब्दुल मारूफ, राहुल नौटियाल, राजू शर्मा, मुकीम खान, विपिन जैन, नवजीत, इमरान खान, इमरान अन्नू और शमशेर गौड़ शामिल रहे। आंदोलन की व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी देवेंद्र नौडियाल एवं राहुल बुटोला संभाल रहे हैं। आश्वासनों से अब संतुष्ट नहीं जनता : राकेश राणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी उत्तराखंड के महासचिव राकेश राणा और पूर्व राज्य मंत्री सैयद मुसरफ़ अली ने कहा कि टिहरी मेडिकल कॉलेज की मांग लंबे समय से उठाई जा रही है। प्रदेश के कई जनपदों में मेडिकल कॉलेज संचालित हैं और रुद्रपुर एवं पिथौरागढ़ में इसकी प्रक्रिया आगे बढ़ रही है, ऐसे में टिहरी जैसे महत्वपूर्ण पर्वतीय जनपद की लगातार उपेक्षा उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि टिहरी की जनता अब आश्वासनों से संतुष्ट नहीं है। सरकार को मेडिकल कॉलेज निर्माण को लेकर अब स्पष्ट निर्णय लेना चाहिए। राणा ने शासन से मांग की कि टिहरी मेडिकल कॉलेज के लिए स्पष्ट घोषणा, समयबद्ध कार्ययोजना, बजट की व्यवस्था और निर्माण कार्य प्रारंभ करने की ठोस कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि यह किसी राजनीतिक दल का मुद्दा नहीं, बल्कि टिहरी और आसपास के पर्वतीय क्षेत्रों की जनता के बेहतर स्वास्थ्य से जुड़ा जनहित का विषय है। मेडिकल कॉलेज बनने से क्षेत्र के लोगों को विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध हो सकेंगी और गंभीर उपचार के लिए देहरादून अथवा अन्य मैदानी क्षेत्रों पर निर्भरता कम होगी। राणा ने कहा कि जब तक टिहरी मेडिकल कॉलेज निर्माण की दिशा में ठोस निर्णय नहीं लिया जाता, आंदोलन शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से जारी रहेगा। मेडिकल कॉलेज समय की आवश्यकता : असद आलम क्रमिक अनशन पर बैठे असद आलम ने कहा कि टिहरी जैसे पर्वतीय जनपद में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए मेडिकल कॉलेज समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाओं के अभाव में पर्वतीय क्षेत्रों के लोगों को उपचार के लिए दूर जाना पड़ता है। उन्होंने सरकार से पूर्व में की गई घोषणाओं के अनुरूप टिहरी में मेडिकल कॉलेज निर्माण की प्रक्रिया शीघ्र शुरू करने की मांग की। क्रमिक अनशन में शामिल सरताज अली ने भी मांग का समर्थन करते हुए कहा कि अब घोषणा को धरातल पर उतारने का समय है। बड़ी संख्या में लोगों ने दिया समर्थन धरना स्थल पर राकेश भूषण गोदियाल, पूर्व राज्य मंत्री सैयद मुसरफ़ अली, चंडी प्रसाद डबराल, भगवान चंद रमोला, नरोत्तम दत्त जखमोला, कमल सिंह मेहर, शिवराज सिंह सजवाण, भगवान सिंह रावत, संदीप रावत, लखबीर चौहान, देवेंद्र नौडियाल, मनोज शाह, अमित रतूड़ी सहित बड़ी संख्या में आंदोलनकारी एवं समर्थक मौजूद रहे।

# मानसून काल के बाद चारधाम यात्रा के दूसरे चरण को लेकर प्रशासन अलर्ट

## जिलाधिकारी ने किया यमुनोत्री धाम में व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण

### दूसरे चरण में बढ़ती श्रद्धालुओं की संख्या को लेकर तैयारियां तेज, भीड़ नियंत्रण और घोड़ा-खच्चर संचालन की व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश



**उत्तरकाशी, मोहन सिंह राणा।** मानसून काल की समाप्ति के बाद चारधाम यात्रा के दूसरे चरण के सुगम एवं सुव्यस्थित संचालन को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट मोड में हैं। अपने दो दिवसीय भ्रमण के दौरान रविवार को जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने यमुनोत्री धाम पहुंचकर यात्रा मार्ग से लेकर धाम तक व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान मानसून के दौरान प्रभावित हुए पैदल मार्ग एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक मरम्मत, रखरखाव एवं व्यवस्थाओं को तत्काल दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने यमुनोत्री धाम पैदल मार्ग के किनारे क्षतिग्रस्त रैलिंग और दीवार के लिए अधीक्षण अभियंता लोनिवि को तत्काल मरम्मत करने के निर्देश दिए तथा यमुनोत्री धाम तक के लगभग 5 किमी लंबे पैदल यात्रा मार्ग का स्थलीय निरीक्षण कर मार्ग की वर्तमान स्थिति का जायजा लिया और श्रद्धालुओं की सुविधा को दृष्टिगत सभी व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। एएमए जिला पंचायत को घोड़े-खच्चरों के लिए पैदल मार्ग पर चरी की साफ सफाई और गर्म पानी की निरंतर उपलब्धता और यात्रा के दौरान उनसे जुड़ी सभी अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने यमुनोत्री धाम, जानकीचट्टी, खरसाली और पैदल मार्ग पर स्वच्छता व्यवस्था को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया है। उन्होंने जिला पंचायत व सुलभ इंटरनेशनल को यात्रा मार्ग से कूड़ा और लीद नियमित रूप से हटाने के आदेश दिए। इसके अलावा, सुलभ इंटरनेशनल को शौचालयों की तत्काल मरम्मत, पर्याप्त जलापूर्ति और सतत सफाई सुनिश्चित करने को कहा। इसके अलावा श्रद्धालुओं द्वारा विसर्जित की जा रही साड़ियों के निस्तारण के लिए स्थाई समाधान करने के निर्देश देते हुए मंदिर के आसपास गंदगी की सफाई करने की लिए जिला पंचायत को प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिये।

जिलाधिकारी ने जानकीचट्टी सहित यमुनोत्री यात्रा मार्ग के विभिन्न पड़ावों पर निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को यात्रा मार्ग एवं पड़ावों पर चिकित्सा व्यवस्थाओं को सक्रिय रखने तथा आवश्यकता पड़ने पर श्रद्धालुओं को तत्काल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने एवं चिकित्सकों की तैनाती और आवश्यक दवाईयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। यात्रा पैदल मार्ग पर स्थापित फर्स्ट मेडिकल रिस्पॉन्डर स्वास्थ्य मित्रों के कैंपों के दरवाजों को तत्काल बदलवाने के निर्देश दिए। यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्गों पर सुगम आवागमन सुनिश्चित करने के लिए संबंधित एजेंसियों को सक्रियता से कार्य करने को कहा। यमुनोत्री मार्ग पर स्यानाचट्टी, पालीगाड, सिलाईबैंड और औजारी में ईई एनएच को पर्याप्त मशीनरी और कार्यबल तैनात कर यात्रा सुचारू बनाए रखने के निर्देश दिये। यमुनोत्री धाम में जिलाधिकारी ने पेयजल, विद्युत, सफाई, शौचालय, चेंजिंग रूम सहित श्रद्धालुओं के लिए उपलब्ध अन्य सुविधाओं का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि धाम में आने वाले श्रद्धालुओं को मूलभूत सुविधाओं के लिए किसी प्रकार की असुविधा न हो। संबंधित विभाग यात्रा अवधि में नियमित रूप से व्यवस्थाओं की निगरानी करते हुए व्यवस्था दुरुस्त रखे। मंदिर प्रांगण में मंदिर समिति के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर अन्य समस्याओं और व्यवस्थाओं की जानकारी ली। इस दौरान पुलिस चौकी यमुनोत्री का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। इस दौरान उपजिलाधिकारी बड़कोट बृजेश तिवारी, सीओ बड़कोट चंचल शर्मा,अधीक्षण अभियंता विजय कुमार, ईई सिंचाई रामस्वरूप बड़ौनी, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत भावना रावत, परियोजना प्रबंधक रीप कपिल उपाध्याय, पर्यावरण विशेषज्ञ प्रताप मटूडा सहित यमुनोत्री मंदिर समिति सचिव सुनील उनियाल व अन्य समिति सदस्य एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## समाचार पत्र-पत्रिकाओं के नवीनीकरण एवं नवीन सूचीबद्धता हेतु आवेदन आमंत्रित

**अल्मोड़ा ।** महानिदेशक सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, देहरादून के निर्देशों के क्रम में जिला सूचना कार्यालय, अल्मो ?ा द्वारा जनपद स्तर पर समाचार पत्र-पत्रिकाओं के नवीनीकरण एवं नवीन सूचीबद्धता की कार्यवाही की जा रही है। इस संबंध में विभाग द्वारा समाचार पत्र-पत्रिकाओं के प्रकाशकों/संपादकों से आवेदन पत्र प्राप्त किए जाने हेतु 15 सितम्बर, 2026 तक की समय-सीमा निर्धारित की गई है।

जिला सूचना कार्यालय द्वारा स्पष्ट किया गया है कि जिन समाचार पत्र-पत्रिकाओं के संचालकों/प्रकाशकों द्वारा पूर्व में सूचीबद्धता हेतु आवेदन किया जा चुका है, उन्हें पुन: आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है। पूर्व में प्राप्त आवेदनों के आधार पर अद्यतन वार्षिक विवरणिका प्राप्त की जाएगी। जिला सूचना कार्यालय ने संबंधित समाचार पत्र-पत्रिकाओं के प्रकाशकों एवं प्रतिनिधियों से निर्धारित समय-सीमा के भीतर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने की अपील की है।

# जंगल में चल रही कच्ची शराब की भट्टी पकड़ी, 200 लीटर शराब बरामद

पर्वत प्रेरणा संवाददाता

**सितारगंज।** अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सितारगंज पुलिस ने बसगर वन विभाग बैरियर से करीब एक किलोमीटर अंदर जंगल में छापेमारी कर अवैध कच्ची शराब बनाने की भट्टी का भंडाफोड़ किया। पुलिस ने मौके से करीब 200 लीटर कच्ची शराब बरामद करने के साथ ही शराब बनाने के लिए तैयार किया जा रहा करीब 800 लीटर लहन नष्ट किया।

पुलिस के अनुसार, जंगल में अवैध रूप से कच्ची शराब बनाए जाने की सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी। झाड़ियों की आड़ से देखने पर जंगल के बीच कच्ची शराब की भट्टी जलती हुई मिली। पुलिस टीम के पहुंचने से पहले भट्टी के पास मौजूद तीन लोग जंगल की ओर फरार हो गए।

मौके की तलाशी के दौरान जमीन में गड्ढा खोदकर लकड़ियों से आग जलाकर लोहे के ड्रमों में कच्ची शराब तैयार किए जाने की बात सामने आई। पुलिस ने तीन रबर की ट्यूबों में करीब 200 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की। इसके अलावा दो लोहे के ड्रम, दो एल्युमिनियम पाइप, दो



अधजली लकड़ियां और दो प्लास्टिक की बाल्टियां भी बरामद की गईं।

पुलिस ने मौके पर तैयार किया जा रहा करीब 800 लीटर लहन नष्ट कर दिया। मामले में कोतवाली सितारगंज में आबकारी अधिनियम में अभियोग पंजीकृत किया गया है। पुलिस ने फरार बताए जा रहे सोनू सिंह पुत्र गुरदीप सिंह निवासी कुशमोड़ा, गुरमीत सिंह पुत्र जोगेंद्र सिंह निवासी कुशमोड़ा तथा संजू सिंह पुत्र राम सिंह निवासी बसगर शक्तिफार्म की तलाश शुरू कर दी है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस द्वारा लगातार दबिश दी जा रही है। कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक सुंदरम शर्मा, उपनिरीक्षक जगदीश तिवारी, अपर उपनिरीक्षक कमलेश मेहरा, हेड कांस्टेबल मतलूब खान, हेड कांस्टेबल नवनीत कुमार और कांस्टेबल सचिन शामिल रहे।

## सेवा संकल्प अभियान को बूथ स्तर तक पहुंचाने में जुटे कार्यकर्ता: मित्तल

पर्वत प्रेरणा संवाददाता

**पंतनगर।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के 25 वर्षों के सेवा एवं समर्पण को समर्पित 'सेवा संकल्प अभियान' के संबंध में पंतनगर मंडल में मंडल कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में भाजपा जिला मंत्री एवं पंतनगर मंडल प्रभारी प्रमोद मित्तल एडवोकेट



ने बतौर मुख्य वक्ता कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। मित्तल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 25 वर्षों का सार्वजनिक जीवन सेवा, समर्पण, सुशासन और राष्ट्र निर्माण को समर्पित रहा है। उनके सेवा एवं समर्पण के प्रेरणादायी 25 वर्षों की यात्रा को जन-जन तक पहुंचाना हम सभी कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है।उन्होंने कहा कि पार्टी नेतृत्व द्वारा निर्धारित सभी कार्यक्रमों को बूथ स्तर तक प्रभावी रूप से आयोजित कराने की जिम्मेदारी पदाधिकारियों को दी गई है। सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर अभियान में अपनी जिम्मेदारी का पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ निर्वहन करें और सेवा संकल्प अभियान को सफल बनाएं।उन्होंने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की शक्ति है और कार्यकर्ताओं की एकजुटता एवं सक्रियता से ही संगठन के प्रत्येक अभियान को सफल बनाया जा सकता है।बैठक में मंडल अध्यक्ष श्रीमती पिंकी डिमरी, भाजपा नेता विवेक सक्सेना, मंडल महामंत्री आशीष धांधा, टीकम कोरंगा, पूर्व मंडल अध्यक्ष डी.एन. यादव, जुगल किशोर, सर्वेश राय, अलकेश यादव, गंगा सिंह पपोला, मन्ना देवी कश्यप सहित मंडल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

## नशे में वाहन चलाने पर दो गिरफ्तार, 23 चालकों के चालान

**उत्तरकाशी ।** सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और यातायात नियमों के पालन को लेकर उत्तरकाशी पुलिस ने सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक कमलेश उपाध्याय के निर्देशन में यातायात पुलिस की टीम ने निरीक्षक यातायात सुनील कुमार के नेतृत्व में जनपद मुख्यालय एवं आसपास के क्षेत्रों में वाहनों की जांच की। चेकिंग के दौरान ओवरस्पीड, बिना हेलमेट, तीन सवारी सहित विभिन्न यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 23 वाहन चालकों के खिलाफ एमवी एक्ट के तहत चालानी कार्रवाई की गई। वहीं, नशे की हालत में वाहन चलाते मिले दो चालकों को गिरफ्तार कर उनके वाहन सीज कर दिए गए। नो-पार्किंग जोन में खड़े तीन वाहनों को टोइंग कर कोतवाली उत्तरकाशी में दाखिल किया गया। पुलिस टीम ने वाहन चालकों और राहगीरों को यातायात नियमों के पालन, सुरक्षित वाहन संचालन तथा सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। पुलिस ने लोगों से निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही वाहन खड़े करने और यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने में सहयोग की अपील की।

# पत्रकार सूरज लडवाल का बढ़ा मान विश्व रिकॉर्ड बनाने वाली संस्था के मंच से मिला सम्मान

**चम्पावत ।** हिंदी भाषा के प्रति प्रेम , सम्मान और समर्पण के साथ पत्रकारिता के माध्यम से हिंदी के प्रचार-प्रसार में योगदान दे रहे , चम्पावत जिला निवासी उत्तराखंड हिंदी समाचार के संपादक सूरज लडवाल को प्रतिष्ठित हिंदी हितैषी सम्मान से सम्मानित किया गया है । यह सम्मान उन्हें बुलंदी साहित्यिक सेवा समिति (पंजी.) की ओर से प्रदान किया गया ।

समिति की ओर से जारी प्रशस्ति पत्र में कहा गया है सूरज लडवाल द्वारा अपने दैनिक जीवन में हिंदी का प्रयोग पठन , लेखन और वाचन के माध्यम से करते हुए हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार में योगदान दिया जा रहा है । इसी हिंदी प्रेम और समर्पण को देखते हुए उन्हें हिंदी हितैषी सम्मानप्रदान किया गया ।

14 सितंबर को हिंदी दिवस के अवसर पर मिला यह सम्मान सूरज लडवाल के लिए इसलिए भी खास है , क्योंकि यह सम्मान हिंदी भाषा के प्रति उनके प्रेम , लेखन और पत्रकारिता के माध्यम से हिंदी के प्रचार-प्रसार में योगदान की पहचान है



। हिंदी दिवस के मौके पर - हिंदी हितैषी सम्मान मिलना उनके लिए गौरव के साथ-साथ हिंदी पत्रकारिता के प्रति जिम्मेदारी और प्रतिबद्धता को और मजबूत करने वाला अवसर है ।

सूरज लडवाल , उत्तराखंड हिंदी समाचार के संपादक के रूप में उत्तराखंड से जुड़ी जनसरोकार की खबरों को प्रमुखता से उठाते हैं । स्थानीय मुद्दों , जनसमस्याओं और सामाजिक सरोकारों से जुड़े विषयों को हिंदी के माध्यम से पाठकों तक पहुंचाना उनके पत्रकारिता कार्य का महत्वपूर्ण हिस्सा है । सम्मान मिलने के बाद हिंदी भाषा और पत्रकारिता के क्षेत्र में कार्य करने के उनके संकल्प को और मजबूती मिलने की उम्मीद है ।

बुलंदी साहित्यिक सेवा समिति , साहित्य और हिंदी भाषा के क्षेत्र में अपनी गतिविधियों के लिए जानी जाती है । समिति को तीन विश्व कीर्तिमान स्थापित करने वाली संस्था है । वर्ष 2021 में 208 घंटे , वर्ष 2022 में 280 घंटे और वर्ष 2024 में 55 देशों के हिंदी कवियों सहित 400 घंटे का अनवरत कवि सम्मेलन आयोजित कर विश्व कीर्तिमान स्थापित किए गए ।

सूरज लडवाल को मिले इस सम्मान से उत्तराखंड के पत्रकारिता और साहित्य प्रेमियों में भी खुशी है । हिंदी के प्रति उनके योगदान को मिले इस सम्मान को क्षेत्र के लिए भी गौरव की बात माना जा रहा है ।

## कुमाऊँ-गढ़वाल मुख्य मोटर मार्ग पर तीन पेड़ गिरने से यातायात रहा बाधित

**भिकियासैण( अल्मोड़ा )।** रामनगर-भिकियासैंण-मासी- चौखुटिया मोटर मार्ग के नितेलिया( चौखुटिया) पर रविवार रात को 3 चीड़ के पेड़ गिर गये। जिस वजह से सोमवार सुबह के समय कुमाऊँ-गढ़वाल सहित मैदानी क्षेत्र को आने जाने वाले यात्री बसों, प्राइवेट व टैक्सी वाहनों सहित माल वाहक वाहनों के पहिये दो घण्टे के आसपास तक जाम रहे।सूचना के बाद कोतवाली पुलिस ने कटर मशीन से सड़क पर गिरे पेड़ों को काटकर हटाया व यातायात को सुचारू किया।

## श्री हंस ज्ञान भक्ति आश्रम में सत्संग व भंडारा आयोजित



**अल्मोड़ा।** श्री हंस ज्ञान भक्ति आश्रम, चीनाखान में सत्संग एवं श्री सतपाल महाराज के जन्मोत्सव के पूर्व अवसर पर सत्संग एवं भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ का शाखा प्रभारी महात्मा करूणा बाई एवं महात्मा मातंगी बाई द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया। आश्रम में आयोजित सत्संग में श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन कर सतगुरु के संदेशों का श्रवण किया। वक्ताओं ने प्रेम, सेवा और मानवता के मार्ग पर चलने का आह्वान किया।कार्यक्रम के समापन पर विशाल भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर लक्ष्मण सिंह अधिकारी, रामसिंह राणा, हरीश नाथ गोस्वामी, शेखर भाई, मुन्नी भगत,दीपा गोस्वामी,उमा, किशोर नेगी, आदि लोग मौजूद थे।

# दूध के दाम में पिस रहा उत्तराखंड का पशुपालक, हिमाचल की मिसाल ने बढ़ाए सवाल

## आंचल दुग्ध संघ की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

**चंपावत ।** पहाड़ में खेती के बाद पशुपालन ग्रामीण परिवारों की आजीविका का बड़ा आधार माना जाता है। सरकारें पशुपालन को स्वरोजगार, ग्रामीण अर्थव्यवस्था और पलायन रोकने का जरिया बताती रही हैं, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि पशुपालक अपने ही उत्पाद के उचित मूल्य के लिए संघर्ष करने को मजबूर है। चंपावत में आंचल दुग्ध संघ की कार्यप्रणाली और दूध के भुगतान को लेकर पशुपालकों का असंतोष अब खुलकर सामने आ गया है। बार-बार की अनदेखी से आहत पशुपालकों ने जिलाधिकारी को ऑनलाइन ज्ञापन भेजकर अपनी पीड़ा और मांगों से अवगत कराया है।

पशुपालकों का कहना है कि आज बाजार में पानी की एक लीटर बोतल भी 20 रुपये से कम में मिलना मुश्किल है, लेकिन जिस दूध को तैयार करने के लिए पशुपालक दिन-रात मेहनत करता है, उसका उसे महज 26 से 32 रुपये प्रति लीटर के आसपास भुगतान मिल रहा है। पशुपालकों के अनुसार 3.50 प्रतिशत फैट वाले दूध पर उन्हें करीब 26 से 28 रुपये प्रति किलो ही मिलते हैं। सवाल यह है कि चारे, भूसे, पशु चिकित्सा, श्रम और पशु देखभाल की लगातार बढ़ती लागत के बीच इतने कम भुगतान में पशुपालन आखिर कैसे टिकेगा?पशुपालकों ने अपनी मांग के समर्थन में हिमाचल प्रदेश का उदाहरण सामने रखा है।

उनका दावा है कि वहां 3.50 प्रतिशत फैट वाले गाय के दूध के लिए 61 रुपये और भैंस के दूध के लिए 71 रुपये प्रति किलो न्यूनतम समर्थन मूल्य दिया जा रहा है। उनका कहना है कि हिमाचल में इस तरह की व्यवस्था का उद्देश्य केवल दूध खरीदना नहीं, बल्कि पशुपालक को आर्थिक रूप से मजबूत करना और ग्रामीण क्षेत्रों से पलायन रोकना है। यही तुलना उत्तराखंड की व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा करती है। एक ओर प्रदेश में पहाड़ों में रोजगार और पलायन रोकने की बात होती है, दूसरी ओर पशुपालक को उसके दूध का लागत के अनुरूप मूल्य ही नहीं मिल पा रहा है।

पशुपालकों का कहना है कि उन्होंने बैंक से लाखों रुपये का ऋण लेकर पशुपालन को व्यवसाय बनाया, लेकिन जब उत्पाद का उचित मूल्य ही नहीं मिलेगा तो ऋण चुकाना और परिवार चलाना दोनों मुश्किल हो जाएंगे।पशुपालकों सरकार द्वारा पशु आहार, साइलेज और भूसे पर 50 प्रतिशत अनुदान जैसी योजनाएं राहत दे सकती हैं, लेकिन केवल सब्सिडी से समस्या का स्थायी समाधान नहीं होगा। जब तक दूध का लाभकारी मूल्य सुनिश्चित नहीं होगा, तब तक पशुपालन को मजबूत आजीविका का आधार बनाने की सरकारी कवायद अधूरी ही रहेगी।चंपावत के पशुपालकों की मांग अब केवल भुगतान बढ़ाने तक सीमित नहीं है। वे उत्तराखंड में भी हिमाचल प्रदेश की तर्ज पर दूध का न्यूनतम समर्थन मूल्य तत्काल लागू करने की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि यदि सरकार सचमुच पशुपालन को बढ़ावा देना और पहाड़ से पलायन रोकना चाहती है तो उसे पशुपालक की मेहनत की वास्तविक कीमत तय करनी होगी।

## झूमाधुरी नंदाष्टमी मेले को लेकर युवाओं ने संभाली कमान, मंदिर में चलाया स्वच्छता अभियान



**लोहाघाट ।** ऐतिहासिक एवं प्रसिद्ध झूमाधुरी नंदाष्टमी मेले को लेकर तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। आगामी नंदाष्टमी मेले के सफल आयोजन को लेकर झूमाधुरी मंदिर परिसर में व्यापक सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान मंदिर परिसर के साथ ही आसपास के पैदल रास्तों की सफाई की गई तथा झाड़ियों का कटान कर मार्गों को सुगम बनाया गया। मेले के दौरान श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में आवाजाही को देखते हुए मंदिर तक पहुंचने वाले रास्तों की विशेष रूप से सफाई की गई। वहीं 18 सितंबर को आयोजित होने वाले देवी जागरण को लेकर भी मंदिर परिसर में विशेष तैयारियां की गईं। देवी जागरण में क्षेत्र के विभिन्न गांवों से श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है, जिसके चलते व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए ग्रामीणों और युवाओं ने श्रमदान किया।स्थानीय शशांक पांडे ने जानकारी देते हुए बताया कि 19 सितंबर को झूमाधुरी मंदिर के लिए भव्य रथयात्रा निकाली जाएगी। नंदाष्टमी के अवसर पर पाटन-पाटनी और रायकोट महर क्षेत्र से निकलने वाली देवी रथयात्रा झूमाधुरी मंदिर पहुंचेगी। इस दौरान श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिलता है और बड़ी संख्या में लोग माता के दर्शन एवं आशीर्वाद के लिए झूमाधुरी धाम पहुंचते हैं।

युवाओं ने कहा कि झूमाधुरी नंदाष्टमी मेला क्षेत्र की धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान से जुड़ा महत्वपूर्ण आयोजन है। मेले में दूर-दूर से श्रद्धालु पहुंचते हैं, इसलिए मंदिर परिसर और यात्रा मार्गों को स्वच्छ एवं व्यवस्थित रखना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। सफाई अभियान के दौरान युवाओं ने मेले तक आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए आगे भी आवश्यक सहयोग करने की बात कही।सफाई अभियान में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि पाटन पाटनी प्रदीप विश्वकर्मा, क्षेत्र पंचायत सदस्य पप्पू बोहरा, रायकोट के बीडीसी सदस्य अंकित कुंवर,उप प्रधान बृजेश विश्वकर्मा, संजय पाटनी,कमल कुलेठा, राहुल महर, मदन विश्वकर्मा, गोल्डी पाटनी,केदार पाटनी,पंकज बोहरा,हिमांशु विश्वकर्मा समेत पाटन एवं रायकोट के कई युवा मौजूद रहे।

## अष्टमी पर्व को लेकर ऋक्षेश्वर मंदिर में 12 गांव एवं नगरवासियों की महत्वपूर्ण बैठक



**लोहाघाट ।** प्रसिद्ध ऋक्षेश्वर शिवालय मंदिर में रविवार को अष्टमी पर्व को लेकर 12 गांवों एवं नगर के लोगों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रहलाद सिंह मेहता जी द्वारा की गई।गोष्ठी में विभिन्न गांवों से आए देव डांगर, गणमान्य व्यक्तियों, वरिष्ठ नागरिकों एवं क्षेत्र की जनता ने प्रतिभाग करते हुए आगामी नवरात्रि में होने वाले महाअष्टमी पर्व एवं ऐतिहासिक मेले तथा लोहाघाट के पवित्र ऋक्षेश्वर शिवालय मंदिर से जुड़े विभिन्न विषयों पर अपने विचार गंभीरता एवं विस्तारपूर्वक रखे।

उपस्थित लोगों ने मेले के सफल एवं भव्य आयोजन, धार्मिक परंपराओं के संरक्षण तथा क्षेत्र की आस्था और संस्कृति को आगे बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए। विभिन्न गांवों एवं नगरवासियों ने आपसी सहमति एवं एकजुटता के साथ आयोजन को भव्य व सफल बनाने का संकल्प व्यक्त किया। लोगों ने कहा ऋक्षेश्वर महादेव की पावन धरती पर हमारी धार्मिक आस्था, संस्कृति और परंपराओं को आगे बढ़ाने के लिए सभी का सहयोग एवं सहभागिता निश्चित रूप से प्रेरणादायी है।

# लोहाघाट की पेयजल व्यवस्था को मिलेगी मजबूती, सरयू पंपिंग पेयजल योजना के कार्यों में तेजी

### शीघ्र पहुंचेंगे पाइप, नगर पालिका क्षेत्र में तत्काल शुरू होगा वितरण प्रणाली बिछाने का कार्य

## वन भूमि स्वीकृति की प्रतिदिन हो रही मॉनिटरिंग, योजना को जल्द धरातल पर उतारने के प्रयास तेज

पर्वत प्रेरणा संवाददाता

**लोहाघाट।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की महत्वपूर्ण घोषणा के अंतर्गत लोहाघाट नगर की पेयजल समस्या के दीर्घकालिक समाधान की दिशा में लगभग 84.45 करोड़ रुपये की सरयू आधारित लोहाघाट नगरीय पंपिंग पेयजल योजना के कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है।

इस योजना को जल्द धरातल पर उतारने के लिए जल निगम द्वारा निर्माण कार्यों के साथ ही आवश्यक विभागीय स्वीकृतियों की प्रक्रिया को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जा रहा है। अधिशासी अभियंता जल निगम अशोक स्वरूप ने बताया कि योजना के अंतर्गत नगर पालिका क्षेत्र में नई वितरण प्रणाली विकसित की जानी है। इसके लिए आवश्यक पाइपों का ऑर्डर पूर्व में ही दिया जा चुका है और आगामी 10 दिनों के भीतर पाइप कार्यस्थल पर पहुंच जाएंगे। पाइप पहुंचते ही नगर पालिका क्षेत्र में पाइप लाइन बिछाने का कार्य तत्काल शुरू कर तेजी से पूर्ण किया जाएगा।उन्होंने बताया कि योजना से संबंधित वन भूमि स्वीकृति का प्रस्ताव भी शासन स्तर पर प्रक्रियाधीन है। इसकी विभाग द्वारा प्रतिदिन मॉनिटरिंग की जा रही है, ताकि स्वीकृति प्राप्त होते ही संबंधित कार्यों को बिना विलंब आगे बढ़ाया जा सके। योजना के प्रत्येक चरण की प्रगति पर लगातार नजर रखी जा रही है।

अधिशासी अभियंता ने बताया कि मुख्यमंत्री की इस महत्वपूर्ण घोषणा को निर्धारित समय में धरातल पर लाने के लिए विभाग पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है। निर्माण कार्य एवं आवश्यक स्वीकृतियों से जुड़ी प्रक्रियाओं को समानांतर रूप से आगे बढ़ाया जा रहा है, जिससे योजना को शीघ्र पूर्ण किया जा सके।सरयू आधारित पंपिंग पेयजल योजना लोहाघाट नगर की भविष्य की पेयजल जरूरतों को ध्यान में रखते हुए महत्वपूर्ण साबित होगी। योजना के पूर्ण होने से नगर की पेयजल व्यवस्था सुदृढ़ होने के साथ वर्तमान जलापूर्ति पर दबाव कम होगा और नगरवासियों को बेहतर एवं नियमित पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में स्थायी समाधान मिलेगा।

## लोहाघाट पुलिस ने गुमशुदा नाबालिग बालक को 01 घंटे में सकुशल बरामद कर परिजनों को किया सुपुर्द

**लोहाघाट।** एस.पी रेखा यादव के निर्देश व सीओ चम्पावत देवेन्द्र सिंह कप्रवाण के पर्यवेक्षण मे थानाध्यक्ष लोहाघाट ओम प्रकाश के नेतृत्व मे आज दिनॉक 13 सितंबर रविवार को थाना लोहाघाट पुलिस ने गुमशुदा नाबालिग बालक की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए गुमशुदगी की सूचना पर तत्काल पुलिस टीम गठित कर संभावित स्थानों पर सघन खोजबीन एवं चेकिंग अभियान चलाया।लोहाघाट पुलिस की तत्परता से गुमशुदा बालक को 01 घंटे के भीतर सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया गया। बच्चे को सकुशल पाकर परिजनों ने चंपावत पुलिस की त्वरित कार्यवाही एवं संवेदनशीलता की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया।

## बनबसा सेना छावनी मार्ग के रेलवे अंडरपास से निकाला गया जलभराव, आवागमन हुआ सुचारु

**बनबसा।** सेना छावनी को जाने वाले रेलवे अंडरपास में जलभराव की समस्या का तहसील प्रशासन द्वारा संज्ञान लेते हुए आवश्यक कार्रवाई की गई। अंडरपास में जमा पानी की पूरी तरह निकासी करा दी गई है, जिससे पैदल यात्रियों, दोपहिया वाहन चालकों सहित स्थानीय लोगों की आवाजाही सुचारु हो गई है।तहसीलदार टनकपुर पिंकी आर्या ने बताया कि राजस्व उपनिरीक्षक बनबसा से प्राप्त जानकारी के अनुसार रेलवे अंडरपास में जमा पानी की निकासी रेलवे के संबंधित कर्मचारियों के माध्यम से करा दी गई है। जलभराव के कारण सेना छावनी के फैमिली क्वार्टर, केंद्रीय विद्यालय, ईसीएचएस के साथ ही फागपुर एवं सैलानीगोठ की ओर आने-जाने वाले लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही थी। रविवार को अंडरपास से पूरी तरह पानी की निकासी करा दिए जाने के बाद आवागमन सामान्य हो गया है।तहसील प्रशासन द्वारा क्षेत्र की स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। साथ ही आमजन से अपील की गई है कि बरसात के दौरान जलभराव वाले अथवा संभावित खतरे वाले स्थानों से आवागमन करते समय विशेष सावधानी बरतें। अधिक जलभराव अथवा अन्य किसी संभावित खतरे की स्थिति दिखाई देने पर तत्काल स्थानीय प्रशासन को सूचित करें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

## डीएम ने लिया त्वरित संज्ञान उप जिला चिकित्सालय टनकपुर में एम्बुलेंस के लिए की गयी वाहन चालक की व्यवस्था

**टनकपुर ( चंपावत )।** जिलाधिकारी मनीष कुमार ने उप जिला चिकित्सालय टनकपुर में एम्बुलेंस संचालन के लिए वाहन चालक की आवश्यकता का त्वरित संज्ञान लेते हुए



आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित कराई है। जिलाधिकारी के निर्देश पर चिकित्सा प्रबंधन समिति के माध्यम से चिकित्सालय में एम्बुलेंस के संचालन हेतु एक वाहन चालक की व्यवस्था की गई है।जिलाधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि उप जिला चिकित्सालय टनकपुर में मरीजों को आवश्यकता पड़ने पर एम्बुलेंस के माध्यम से लाने-ले जाने तथा समय पर उच्च चिकित्सा संस्थानों तक पहुंचाने में किसी प्रकार का व्यवधान न हो, इसके लिए वाहन चालक की व्यवस्था की गई है। इससे एम्बुलेंस सेवा सुचारू रहेगी और जरूरतमंद मरीजों को समय पर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी।उन्होंने कहा कि जनपद में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ एवं सुचारू बनाए रखना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। विशेष रूप से आकस्मिक एवं गंभीर परिस्थितियों में मरीजों को समय पर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो, इसके लिए स्वास्थ्य विभाग को सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित रखने के निर्देश दिए गए हैं।

## 315 बोर के अवैध तमंचे के साथ हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

**बनबसा ( चंपावत )।** एसपी चंपावत रेखा यादव के निर्देश में चंपावत पुलिस के द्वारा अवैध शस्त्रों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत सीओ टनकपुर निहारिका सेमवाल के पर्यवेक्षण एवं थानाध्यक्ष बनबसा सुरेन्द्र सिंह कोरंगा के नेतृत्व में बनबसा पुलिस व एसओजी टीम ने कार्यवाही करते हुए लालकोठी रोड, सानियानाला के पास चेकिंग के दौरान उत्तर प्रदेश के कुख्यात हिस्ट्रीशीटर अजीजुर्रहमान उर्फ रहमान मलिक को 315 बोर के अवैध तमंचे तथा02 जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी हिस्ट्रीशीटर यूपी के रामपुर का रहने वाला है पुलिस के मुताबिक अभियुक्त हिस्ट्रीशीटर के खिलाफ कोतवाली रामपुर, उ0प्र0 तथा उत्तराखण्ड में हत्या, हत्या का प्रयास, लूट, वाहन चोरी एवं मादक पदार्थ तस्करी सहित 02 दर्जन से अधिक अभियोग पंजीकृत होने की जानकारी सामने आई है। आरोपी हिस्ट्रीशीटर के खिलाफ थाना बनबसा में धारा 3/25 आयुध अधिनियम-1959 के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया है।

## रोमांचक मुकाबले में होली विजडम स्कूल ने जीता अंतरविद्यालयी फुटबॉल फाइनल

**लोहाघाट ।** जीआईसी खेल मैदान में चल रहे अंतरविद्यालयी अंडर-19 फुटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में होली विजडम स्कूल, मानेश्वर की टीम ने शानदार



प्रदर्शन करते हुए जीआईसी कर्णकरायत की टीम को पेनाल्टी शूटआउट में 4-1 से हराकर प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम किया। पूरे मुकाबले में खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल कौशल, अनुशासन और टीम भावना का परिचय दिया। फाइनल मुकाबले में अभिषेक जोशी ने टीम की कप्तानी करते हुए खिलाड़ियों का नेतृत्व किया। टीम के सभी खिलाड़ियों ने एकजुट होकर शानदार प्रदर्शन किया और विद्यालय को गौरवान्वित किया। विजेता टीम में वेदांश खोलिया, सार्थक मेहता, विवेक कुंवर, राज कुंवर, दक्ष नाथ, आदित्य सिंह मेहर, अर्पित ओली, अनुज ढेक, हर्षित सामंत, नवनीत देव, आशीष मेहता, अभिषेक जोशी, यश मेहता, विशाल मेहरा, रोहन जोशी, कौशल मेहता, शौर्य महरा, नैतिक महरा एवं सार्थक पंत शामिल रहे। टीम की इस शानदार उपलब्धि पर होली विजडम स्कूल परिवार में खुशी का माहौल है। विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों ने पूरी टीम को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। खिलाड़ियों की इस सफलता को विद्यालय के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया गया।

## द्वाराहाट की श्रुतिका साह को मिला 'हिंदी हितैषी सम्मान'

**अल्मोड़ा।** द्वाराहाट निवासी एवं भौतिकी शिक्षिका श्रुतिका साह को हिंदी भाषा के प्रति उनके प्रेम, सम्मान और समर्पण के लिए बुलंदी साहित्यिक सेवा समिति (पंजी.) की ओर से 'हिंदी हितैषी सम्मान' से सम्मानित किया गया है। श्रुतिका साह शिक्षण के साथ साहित्य के क्षेत्र में भी सक्रिय हैं। उन्होंने साहित्य और शिक्षा के क्षेत्र में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई पुरस्कार प्राप्त किए हैं। हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार और साहित्यिक गतिविधियों में उनकी सक्रिय भागीदारी को देखते हुए उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया। गौरतलब है कि बुलंदी साहित्यिक सेवा समिति कविता पाठ के क्षेत्र में कई विश्व कीर्तिमान स्थापित करने वाली साहित्यिक संस्थाओं में शामिल है। संस्था की ओर से हिंदी भाषा और साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले साहित्यकारों एवं हिंदी प्रेमियों को समय-समय पर सम्मानित किया जाता है।

# सोमेश्वर से कांग्रेस की ढूंढो-ढूंढो विकास ढूंढो यात्रा शुरू



## 13 साल से अधूरे पुल पर सरकार को घेरा

**सोमेश्वर ( अल्मोड़ा )।** श्री गणेश चतुर्थी के अवसर पर कांग्रेस ने सरकार के विकास के दावों की जमीनी हकीकत सामने लाने के लिए ढूंढो-ढूंढो विकास ढूंढोज गांव-गांव विकास ढूंढो यात्रा की शुरुआत की। यात्रा की शुरुआत ग्राम सभा चनौली से हुई, जिसका नेतृत्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष भूपेंद्र भोज (गुड्डू भोज) ने किया।

चनौली में करीब 13 साल से अधूरे पड़े पुल को लेकर कांग्रेस ने सरकार पर निशाना साधा। नेताओं ने कहा कि एक तरफ बड़े-बड़े विकास के दावे किए जा रहे हैं, वहीं ग्रामीण वर्षों से बुनियादी सुविधाओं के लिए परेशान हैं। ग्राम प्रधान और ग्रामीण कई बार मांग उठा चुके हैं, फिर भी पुल का निर्माण पूरा नहीं हो सका।

कांग्रेस ने कहा कि यह यात्रा सिर्फ एक पुल तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि सोमेश्वर विधानसभा क्षेत्र में वर्षों से अधूरे पड़े विकास कार्यों की गांव-गांव जाकर पड़ताल की जाएगी। कांग्रेस ने सवाल उठाया - 13 साल में पुल नहीं बना, तो आखिर विकास गया कहां? फाइलों में, भाषणों में या चुनावी वादों में? इस दौरान पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष किशोर नयाल, जिला पंचायत सदस्य पल्यूड़ा संतोष कुमार, ब्लॉक अध्यक्ष राजू भट्ट, ग्राम प्रधान चनौली उमा वर्मा, ग्राम प्रधान लद्यूड़ा हेमा पांडे, पूर्व प्रधान गोविंद राम, उपप्रधान भावना नयाल, पूर्व प्रधान दीपा नयाल, पूर्व जिला पंचायत सदस्य हेमा आर्या, ब्लॉक महामंत्री रंजीत नयाल, प्रकाश खाती, हीरा मेहरा, कैलाश कुमार, शिवराम, भुवन कुमार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# मां नंदा-सुनंदा का भव्य कार्यक्रम आज से, इंदिरा नगर बिंदुखत्ता में होंगे विविध आयोजन

**बिंदुखत्ता, प्रेम सिंह दानू।** विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी मां भगवती शक्तिपीठ, इंदिरा नगर प्रथम एवं द्वितीय के मध्य मां नंदा-सुनंदा का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम को लेकर मंदिर समिति के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य पिछले करीब एक माह से तैयारियों में जुटे हुए हैं। पांच दिवसीय इस धार्मिक आयोजन को लेकर क्षेत्रवासियों में भी खासा उत्साह है। कार्यक्रम के तहत 15 सितंबर को प्रात: 7 बजे पूजा-अर्चना के बाद सुबह 10 बजे तक मां नंदा मैया की छतौली भेंट का कार्यक्रम होगा। इसके बाद सुबह 10 बजे मंदिर प्रांगण से छतौली की विधिवत विदाई की जाएगी। छतौली गढ़वाल में आयोजित होने वाली ऐतिहासिक नंदा देवी यात्रा में शामिल होगी। यह यात्रा पांच दिनों तक चलेगी और इसका समापन बदनी बुग्याल में होगा। छतौली यात्रा के मुख्य वाहक सुरेशानंद देवरानी होंगे। उनके साथ 22 लोगों की टोली भी यात्रा में सहभागिता करेगी। यात्रा में शामिल भक्त बदनी बुग्याल से ब्रह्मकमल का फूल लेकर 19 सितंबर को वापस लौटेंगे। छतौली के वापस पहुंचने पर मंदिर समिति के सदस्यों एवं क्षेत्रवासियों द्वारा श्रद्धालुओं का भव्य स्वागत किया जाएगा।




छतौली की वापसी तक प्रतिदिन सायंकाल महिला कमेटी द्वारा मंदिर परिसर में भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। वहीं, 19 सितंबर की रात्रि 8 बजे से उत्तराखंड के सुप्रसिद्ध लोक गायक गजेंद्र सिंह राणा एवं उनकी टीम द्वारा भजन संध्या एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा।धार्मिक आयोजन का समापन 20 सितंबर को विशाल भंडारे के साथ होगा। इस दिन पूजा-अर्चना के पश्चात हवन-पाठ का आयोजन किया जाएगा और दोपहर 12 बजे से विशाल भंडारा शुरू होगा। मां भगवती शक्तिपीठ की मंदिर समिति के सभी पदाधिकारी, सदस्य एवं महिला टीम कार्यक्रम को भव्य एवं सफल बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। आयोजन में क्षेत्रवासियों का भी भरपूर सहयोग मिल रहा है। समिति ने सभी श्रद्धालुओं एवं क्षेत्रवासियों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर मां नंदा-सुनंदा का आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की है।

# पौराणिक भेडू का तमाशा मेले में सम्मिलित हुए पूर्व विधायक विजयपाल सजवाण

## भगवान समेश्वर महाराज के दर्शन कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की



**उत्तरकाशी ।** गंगोत्री विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक विजयपाल सिंह सजवाण आज वरुणाघाटी क्षेत्र के उपरीकोट गांव में आयोजित त्रैवार्षिक पौराणिक भेडू का तमाश मेले के प्रथम दिवस सम्मिलित हुए। इस अवसर पर उन्होंने आराध्य देवता भगवान समेश्वर महाराज के दर्शन कर विधिवत पूजा-अर्चना की और क्षेत्रवासियों के सुख, शांति, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना करते हुए देव आशीर्वाद प्राप्त किया।

पौराणिक मान्यताओं और स्थानीय परंपराओं से जुड़े इस मेले में सुदूर बुग्याली क्षेत्रों से सकुशल वापस लौटी भेड़ों को भगवान समेश्वर महाराज के मंदिर की परिक्रमा कराई जाती है। इसे क्षेत्र की समृद्ध लोक आस्था और पशुपालन परंपरा से जुड़ा महत्वपूर्ण धार्मिक-सांस्कृतिक आयोजन माना जाता है।

इस अवसर पर पूर्व विधायक विजयपाल सजवाण ने कहा कि उत्तराखंड के पारंपरिक थौलू और मेले हमारी आस्था, लोकसंस्कृति और अपनी जड़ों से जुड़ाव का जीवंत माध्यम हैं। आधुनिकता के दौर में भी उपरीकोट के ग्रामीणों ने जिस श्रद्धा, समर्पण और उत्साह के साथ अपनी पौराणिक धार्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत को जीवंत बनाए रखा है, वह सराहनीय होने के साथ-साथ आने वाली पीढ़ियों के लिए भी प्रेरणादायी है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन केवल धार्मिक आस्था के केंद्र नहीं, बल्कि सामाजिक एकता, लोक परंपराओं के संरक्षण और नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक विरासत से परिचित कराने के सशक्त माध्यम भी हैं। इन परंपराओं को संरक्षित और आगे बढ़ाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

पूर्व विधायक ने समस्त क्षेत्रवासियों को पौराणिक भेडू का तमाशा मेले की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए भगवान समेश्वर महाराज से सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।

इस अवसर पर ग्राम प्रधान भूपेंद्र चौहान, जिला पंचायत सदस्य हीरालाल शाह, जिला पंचायत प्रतिनिधि अनिल रावत, राजेंद्र राजू राणा, ज्येष्ठ उप प्रमुख भटवाड़ी मीरा, जयवीर सिंह चौहान, कुशाल सिंह नेगी, भाजपा महामंत्री महावीर नेगी, रविराज नेगी, सुनील कुमार, विनोद नेगी सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं श्रद्धालु ग्रामीण मौजूद रहे।

# आजादी के दशकों बाद भी सड़क को तरस रहा पनेर गांव

**अल्मोड़ा।** अल्मोड़ा-सोमेश्वर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस की दावेदारी कर रहे डॉ. अजयपाल ने रविवार को ताकुला ब्लॉक के विभिन्न गांवों में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और क्षेत्र की बदहाल व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की। पनेर गांव में आयोजित जनमिलन कार्यक्रम में ग्रामीणों ने क्षेत्र की उपेक्षा को लेकर नाराजगी जताई। ग्रामीणों का कहना था कि सोमेश्वर क्षेत्र से लगातार तीन बार भाजपा की विधायक रेखा आर्या के प्रतिनिधित्व के बावजूद पनेर गांव आज भी सड़क जैसी मूलभूत सुविधा से वंचित है। आजादी के दशकों बाद भी गांव तक पक्की सड़क नहीं पहुंचने से ग्रामीणों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अन्य बुनियादी सुविधाओं की कमी के कारण भी ग्रामीण विषम परिस्थितियों में जीवन यापन करने को मजबूर हैं। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए डॉ. अजयपाल ने कहा कि लगातार तीन कार्यकाल तक सत्ता में रहने के बावजूद यदि किसी गांव में सड़क जैसी प्राथमिक सुविधा उपलब्ध नहीं हो पाई है तो यह शासन और जनप्रतिनिधियों की विफलता है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता इस बार बदलाव का मन बना चुकी है। वह सोमेश्वर विधानसभा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास और पनेर समेत उपेक्षित गांवों की समस्याओं के स्थायी समाधान के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसके अलावा डॉ. अजयपाल ने थापला गांव में भी जनमिलन कार्यक्रम में ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और उनके समाधान का भरोसा दिलाया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम में पूर्व राज्य मंत्री राजेंद्र बाराकोटी, ताकुला ब्लॉक अध्यक्ष बहादुर सिंह मेहता, महिला मोर्चा अध्यक्ष हेमा भंडारी, युवा मोर्चा अध्यक्ष दीपक सिंह बोहरा, शंकर सिंह रावत, सुनील बाराकोटी, राजेंद्र प्रसाद टम्टा, दिनेश पिलख्वाल समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# लापता युवक की खोज में रामगंगा नदी में 32किमी तक चला सर्च अभियान

**भिकियासैण ( अल्मोड़ा )।** तहसील चौखुटिया के ग्राम पंचायत हाट से बीते 7 सितम्बर 2026 से लापता युवक जयप्रकाश की ढूढ खोज पर पुलिस जुटी हुई है।खोजबीन के लिए डॉग स्कॉट व एसडीआरएप टीम भी जुटी है। साथ ही रामगंगा नदी में गोताखोरों के द्वारा भी तलाश जारी है।फिलहाल सोमवार तक कोई सुराग नहीं लगा।लापता हुए युवक की तलाश हेतु सर्च अभियान के तहत एसडीआरएफ टीम ने चौखुटिया से भिकियासैंण तक लगभग 32 किलोमीटर रामगंगा नदी क्षेत्र में राफ्ट के माध्यम से गहन सर्चिंग अभियान चलाया गया। टीम ने नदी के दोनों किनारों, किनारों पर मौजूद झाड़ियों, नदी में फंसे एवं टूटे पेड़ों तथा नदी के मध्य बने टापुओं पर संभावित स्थानों को चिन्हित करते हुए बारीकी से सर्चिंग की गई। टीम द्वारा उपलब्ध रेस्क्यू उपकरणों एवं संसाधनों के साथ नदी क्षेत्र में गहनता से तलाश की जा रही है।



# नगर की समस्याओं को लेकर लोहाघाट विकास संघर्ष समिति की मासिक बैठक

## एडवोकेट विपिन पुनेठा व राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक नरेश देव बने संरक्षक

## ललित शाह निभाएंगे प्रचार मंत्री की जिम्मेदारी



**पर्वत प्रेरणा संवाददाता**

**लोहाघाट ।** नगर की समस्याओं के समाधान के लिए संघर्ष करने वाली लोहाघाट विकास संघर्ष समिति की आज सोमवार को समिति अध्यक्ष विपिन गोरखा के नेतृत्व में एनक्सी भवन लोहाघाट में नगर की समस्याओं को लेकर मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में पालिका की पार्किंग,अस्पताल सहित अन्य समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया। समिति अध्यक्ष विपिन गोरखा ने कहा लोहाघाट पालिका के द्वारा लगभग डेढ़ करोड़ रुपए की लागत से नगर पालिका कार्यालय के पास कार पार्किंग का निर्माण कराया गया पर इस पार्किंग का जनता को कोई लाभ नहीं हो रहा है ।

पालिका के द्वारा सिर्फ 20 लोगों को पार्किंग दे दी गई है। उन्होंने कहा पालिका के साथ हुई बैठक में पालिका के अधिशासी अधिकारी के द्वारा 17 सितंबर को मामले को लेकर लोहाघाट विकास संघर्ष समिति के साथ बैठक की बात कही गई थी पर अभी तक पालिका के द्वारा बैठक को लेकर कोई संपर्क नहीं किया गया है। उन्होंने कहा अगर पालिका आम जनता के लिए पार्किंग नहीं खोलती है तो लोहाघाट विकास संघर्ष समिति पालिका के खिलाफ आंदोलन को मजबूर होगी। साथ ही बैठक में लोहाघाट अस्पताल को उप जिला चिकित्सालय की सुविधा देने की मांग उठाई गई ।

उन्होंने कहा जल्द ही लोहाघाट विकास संघर्ष समिति मामले को लेकर प्रशासन से बात करेगी इसके अलावा नगर की अन्य समस्याओं पर भी गंभीरता से विचार विमर्श किया गया। साथ ही जिला अध्यक्ष विपिन गोरखा के दिशा निर्देश पर समिति का विस्तार करते हुए एडवोकेट विपिन पुनेठा तथा राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक नरेश देव को समिति का संरक्षक बनाया गया। इसके अलावा ललित शाह को समिति का प्रचार मंत्री का दायित्व दिया गया। अध्यक्ष विपिन गोरखा ने कहा लोहाघाट विकास संघर्ष समिति नगर की जन समस्याओं को लेकर हमेशा संघर्ष करते रहेगी। बैठक में डी0डी0पांडे,भुवन चंद्र बिष्ट, राजकिशोर शाह, कमल किशोर, एडवोकेट विपिन पुनेठा, लोकेश पांडे , यतीश जोशी, गोपाल कनौजिया, ललित शाह, अजय गोरखा , प्रकाश राम आदि मौजूद रहे।

# विश्व हिंदू परिषद ने धूमधाम से मनाया 62वां स्थापना दिवस

**उत्तरकाशी ।** विश्व हिंदू परिषद का 62 वां स्थापना दिवस रविवार को गोस्वामी गणेश दत्त कॉलेज में बड़े धूमधाम के साथ बनाया गया जिसका शुभारंभ केदार मंदिर के में स्वामी राघवानंद. स्वामी सत्येंद्र गिरी महाराज जी जिला अध्यक्ष व्यापार मंडल सुभाष बडोनी . कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष. व्यापार मंडलअजय प्रकाश बडोला विश्व हिंदू परिषद दिनेश पवांर सामाजिक समाज कार्यकर्ता ने पुण धार्मिक अनुष्ठान के साथ किया इस अवसर पर मुख्य वक्ता महाराज राघवेंद्र महाराज जी ने कहा कि शिव नगरी एक धार्मिक नगरी है इसके अस्तित्व को बचाने के लिए सभी लोगों को विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल का साथ देना चाहिए।उन्होंने कहा कि उत्तरकाशी को धर्म नगरी जिसके . हरिद्वार ऋषिकेश की तर्ज पर की तर्ज पर होना चाहिए वही जिला अध्यक्ष श्री सुभाष बडोनी . वॉइस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने बताया कि विश्व हिंदू परिषद अपने को स्थापना दिवस पर कार्य कर रहा है उत्तराखंड में भी आज धीरे-धीरे इसका सभी गांव तक विकास हो रहा है या एक आने वाले समय के लिए शुभ संकेत है वहीं सामाजिक कार्यकर्ता दिनेश पवार ने कहा कि उत्तरकाशी में बढ़ते लैंड जैहाद . लव नशा जैहाद व्यापार जैहाद अंकुश लगाने की आवश्यकता है। की घटनाओं को रोकने के लिए बजरंग दल को और अधिक कार्य करना चाहिए ताकि उत्तरकाशी में जो जनसंख्या विस्फोट हो रहा है व यहां पर बाहरी लोगों अधिक संख्या में आ रहे हैं उन पर नियंत्रण होना चाहिए। जिला अध्यक्ष अजय प्रकाश बडोला ने कहे कि विश्व हिंदू आज अपने के स्थापना दिवस पर शजनपद में कार्य कर रहा है विश्व हिंदू परिषद अपने सेवा सुरक्षा संस्कार के लिए कार्य करेगा हर गांव में विश्व हिंदू परिषद अपने शाखों का गठन के लिए कार्यकर्ता प्रत्येक तहसील स्तर पर शाखा का निर्माण होगा वह उत्तरकाशी जनपद को एक धार्मिक जनपद घोषित करने के लिए कार्य किया जाएगा. वह तहसील स्तर पर विश्व हिंदू परिषद का स्थापना दिवस मनाया जाएगा।